RNI No:-MPHIN/2008/24599 डाक पंजीयनः-एमपी/SDL-0019/2026-2028 Epaper:- www.fatwasamachar.com

# फतवा

प्रत्येक गुरुवार को प्रकाशित भोपाल और छत्तीसगढ़ का लोकप्रिय समाचार आपका विश्वास

वर्ष -17 अंक-28 अनूपपुर-10 से 16 जुलाई 2025 पृष्ठ-08 मूल्य-02 रुपये

पेज 04 छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य



## न्यूज ब्रीफ

### विशाल मेगा मार्ट में आग, 2 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के करोल बाग इलाके में बनी बिल्डिंग में आग लगने से 2 लोगों की मौत हो गई। आग शुक्रवार को लगी थी। दिल्ली फायर ब्रिगेड के मुताबिक आग बुझाने के लिए 13 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जब कर्मचारी अंदर पहुंचे तो उन्हें कुमार धीरेंद्र प्रताप सिंह (25) लिफ्ट में फंसे मिले। अस्पताल पहुंचने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बयान में कहा गया है कि पदम सिंह रोड पर बनी चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल से शाम करीब 6.44 बजे आग लगने की सूचना मिली। यह विशाल मेगा मार्ट आउटलेट है, जहां किराने और कपड़े के सामान बेचे जाते हैं। आग मुख्य रूप से दूसरी मंजिल तक ही सीमित थी।

### पुंछ में आतंकी ठिकाना ध्वस्त

**पुंछ।** पुंछ में सुरनकोट तहसील के बैहराम गल्ला के डैर क्षेत्र में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में हथियार और सामान बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने बताया कि इस ठिकाने से तीन हैंडग्रेनेड, गोलियां, चार्ज लीड, सरिया राड, वायर कटर, चाकू, पैंसिल सैल, लाइटर सहित कई अन्य सामग्री बरामद की गई है। यह तलाशी अभियान इलाके में सुरक्षा हालात की समीक्षा और आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के तहत चलाया गया था। सुरक्षा बलों की सतर्कता और कड़ी मेहनत के चलते यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई है।

### अमरनाथ यात्रा रूट पर हादसा

**जम्मू।** रामबन जिले में शनिवार को पांच बसों के आपस में टकरा जाने से करीब 36 अमरनाथ तीर्थयात्री घायल हो गए। ये बसें जम्मू भगवती नगर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम आधार शिविर की ओर जा रहे काफिले का हिस्सा थीं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चंद्रकूट के पास सुबह करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि टक्कर काफिले की एक बस के ब्रेक फेल हो जाने के कारण हुई। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद अलयास खान ने कहा कि पहलगाम काफिले का अंतिम वाहन नियंत्रण खो बैठा और चंद्रकोट लंगर स्थल पर फंसे वाहनों से टकरा गया, जिससे चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 36 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।

### यूपी में दूल्हे समेत आठ की मौत

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में दर्दनाक सडक़ हादसा बोलेरो चालक को लापरवाही से हुआ है। बोलेरो रफ्तार बेकाबू थी। इसके चलते ही चालक ने स्टेयरिंग से नियंत्रण खो दिया और अचानक से गाड़ी पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि दूर तक आवाज पहुंची, लोग मौके पर आए, लेकिन मदद नहीं कर सके क्योंकि क्षतिग्रस्त बोलेरो दीवार से चिपक जैसी गई थी। पुलिस के पहुंचने पर शव और घायल बोलेरो से बाहर निकाले गए। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि वह हादसे के बाद मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने पुलिस के साथ आम लोगों से भी हादसे की जानकारी ली।

### भंडारी भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित

**नई दिल्ली।** ईडी के अनुसार, भंडारी 2016 में ब्रिटेन भाग गया था। उसके प्रत्यर्पण की भारत की याचिका को हाल ही में ब्रिटेन की एक अदालत ने खारिज कर दिया था। ईडी ने आयकर विभाग द्वारा 2015 के काला धन निरोधक कानून के तहत उनके खिलाफ दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए फरवरी 2017 में भंडारी और अन्य के खिलाफ धन शोधन का आपराधिक मामला दर्ज किया था। एजेंसी ने 2020 में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। अब दिल्ली की एक विशेष अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय की याचिका को स्वीकार करते हुए ब्रिटेन स्थित हथियार डीलर संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने यह आदेश पारित किया है। इससे पहले, संजय भंडारी के वकील ने ईडी द्वारा उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की याचिका का विरोध करते हुए तर्क दिया था कि ब्रिटेन में उसका निवास वैध है क्योंकि लंदन उच्च न्यायालय ने उसे भारत प्रत्यर्पित करने से इनकार कर दिया है।

### मीठे पेय पदार्थों को महंगा कर दोःडब्ल्यूएचओ

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर के देशों से तंबाकू, शराब और मीठे पेय पदार्थों पर कर बढ़ाकर अगले दशक में इनकी कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का अनुरोध किया है। यह सिफारिश यूएन फाइनेंस फॉर डेवलपमेंट सम्मेलन में पेश की गई और इसका उद्देश्य न केवल गंभीर बीमारियों को रोकना है, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली के लिए आर्थिक संसाधन जुटाना भी है। इस कदम से मधुमेह, मोटापा, कैंसर जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। डब्ल्यूएचओ प्रमुख डॉ. टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा, यह समय है कि सरकारें इस नए यथार्थ को स्वीकार करें और अपनी स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करें। डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य अर्थशास्त्री गुइलेर्मो सांडोवाल के अनुसार, इस नीति के तहत किसी उत्पाद की कीमत जो आज एक मध्य-आय वाले देश में 4 डॉलर है, 2035 तक 10 डॉलर हो सकती है, इसमें महंगाई भी शामिल होगी। कोलंबिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में इसतरह के टैक्स लगाने से उपभोग में गिरावट और स्वास्थ्य में सुधार दिखाई दिया है।

### टेक्सास में भारी बारिश का कहर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं।

काशी में मणिकर्णिका घाट डूबा, छत पर अंतिम संस्कार; हिमाचल में अब तक 69 मौतें, मप्र के 20 शहरों में भारी बारिश...कई जिलों में बाढ़ के पानी से घिरे गांव

# नदियां उफान पर, बांधों के गेट खुले

- मंडला, शिवपुरी के गांवों में बाढ़, सड़क पर कारें डूबीं; शहडोल में दीवार गिरने से दंपती की मौत
- पुलिया पर बाइक सहित बहा व्यक्ति, लोगों ने बचायाः सागर-बेगमगंज संपर्क टूटा; रायसेन में पहाड़ी पर दिखा नैनीताल जैसा नजारा, बादल नीचे उतरे

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ**

मप्र के 20 शहरों में भारी बारिश होने से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। मंडला में बाढ़ की स्थिति है। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है। यूपी में काशी के महाश्मशान मणिकर्णिका घाट के ज्यादातर शवदाह वाले प्लेटफार्म गंगा नदी में डूब गए हैं। शवों का अंतिम संस्कार घाट की छत पर करना पड़ रहा है। आसपास के छोटे मंदिर भी जलमग्न हो चुके हैं। राजस्थान में 1 जून से अब तक 167.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 137 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, लगातार मानसून एक्टिव होने से अब एक भी जिला सूखा नहीं है। जबकि पिछली जुलाई के पहले हफ्ते तक 14 जिले सूखे की चपेट में थे। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश तबाही मचा रही है। उफनती नदियों से 14 पुल बह गए हैं। प्रदेश की 500 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। कांगड़ा, मंडी, चंबा और शिमला जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड से 69 लोगों की जान चली गई। सबसे बुरी स्थिति मंडी जिले में है, जहां 17 लोग मारे गए और 40 अभी भी लापता हैं। उत्तरप्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। यहां गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है।



### सागर-बेगमगंज संपर्क टूटा

भारी बारिश के कारण सागर से बेगमगंज का सडक संपर्क टूट गया है। शहर से कई गांवों का रास्ता भी बंद हो गया है। देवरी और गैरतगंज में भी बारिश जारी है। रायसेन जिला मुख्यालय पर सुबह से कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है। किले की पहाड़ी पर बादल उतर आने से काफी मनमोहक नजारा देखने को मिल रहा है। लोग बारिश से बचने के लिए छाते और रेनकोट का सहारा ले रहे है। मौसम विभाग ने आज और कल भारी बारिश की चेतावनी दी है।

### जोहिला डैम के दो गेट खोले गए

उमरिया में शनिवार को संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला डैम के दो गेट खोले गए हैं। दोनों गेट को एक-एक मीटर खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। सागर से बेगमगंज और ग्यारसपुर जाने वाला मार्ग नदियों में बाढ़ के कारण बंद हो गया। नरसिंहपुर में शनिवार सुबह स्टेट हाईवे-22 पर पुलिया धंस गई, जिससे रास्ता बंद हो गया। लोग रस्सी के सहारे शक्कर नदी पार कर रहे हैं। वहीं, डिंडौरी में जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर खेत की मिट्टी बहकर आ गई। यहां वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं। शिवपुरी में बैराड़ के कई गांवों में बाढ़ आ गई है। घरों में पानी भर गया है। जोराई गांव में सड़क पर खड़ी गाड़ियां पानी में डूब गई हैं। श्योपुर जिले के बेनीपुरा गांव में क्वारी नदी का पानी गांवों में घुस गया है। यहां करीब 20 घरों में पानी भर गया, जिससे गृहस्थी का सामान खराब हो गया। ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। शहडोल के केशवाही के मझौली क्षेत्र में तेज बारिश से मकान की कच्ची दीवार गिर गई। हादसे में बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 4 बजे की है।

### बरमान घाट पर नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

नरसिंहपुर में बरमान घाट पर नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। प्रशासन ने यहां किनारे पर बसे लोगों को घर खाली करने के लिए कहां। रायसेन जिले के बेगमगंज और सुल्तानगंज में लगातार हो रही तेज बारिश से नदी-नाले उफान पर है। शनिवार को पारसोरा रोड की पुलिया पार करते समय तेज बहाव में बाइक सवार बहने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उसके सुरक्षित बचा लिया। बाइक भी बाहर निकाली।

### पार्वती नदी का कहर,रपटे में बाइक बही,

शिवपुरी जिले की बैराड़ तहसील में शुक्रवार रात से हो रही तेज बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई गांवों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। घरों में पानी घुसने से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। सड़कों पर जलभराव से यातायात भी प्रभावित हो गया है। बैराड़ के जौराई गांव में तेज बारिश के चलते गलियों और सडक़ों पर पानी भर गया। हालात इतने बिगड़ गए कि कई वाहन पानी में डूब गए।


मराठी एकता रैली के दौरान 20 साल बाद एक मंच पर आए उद्धव और राज ने कहा- हिंदी थोपना बर्दाश्त नहीं

# अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी, तो हम गुंडे हैं

**मुंबई ■ एजेंसी**



महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कहा कि तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया।



हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी तो हम गुंडे हैं। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

उन्होंने कहा कि ये तीन भाषा का फॉर्मूला कहां से आया, ये सिर्फ केंद्र सरकार से आया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में आज सब कुछ अंग्रेजी में है। किसी और राज्य में ऐसा नहीं है। सिर्फ महाराष्ट्र में ही ऐसा क्यों? जब महाराष्ट्र जागता है, तो दुनिया देखती है। हमारे बच्चे ही नहीं, सभी अंग्रेजी स्कूल में पढ़ें- हमारे बच्चे इंग्लिश मीडियम जाते हैं तो हमारी मराठी पर सवाल उठते हैं। लालकृष्ण आडवाणी मिशनरी स्कूल में पढ़े। दक्षिण में स्टालिन, कनमोझी, जयललिता, नारा लोकेश, आर रहमान, सूर्या, सभी ने अंग्रेजी में पढ़ाई की है। रहमान ने डायस छोड़ दिया जब एक वक्ता ने हिंदी में बोलना शुरू किया।

### हमारा इस्तेमाल कर फेंक दिया गया

उद्धव ठाकरे ने कहा, आज कई बाबा ज्योतिषी व्यस्त हैं। कोई हमारी कुंडली देख रहा है, ये जानने के लिए की हम (राज-उद्धव) साथ आएंगे। हम दोनों ने इसका अनुभव किया है कि किस प्रकार हमारा इस्तेमाल कर फेंक दिया जाता है। आज हम दोनों साथ हैं। हम दोनों भाईयों के स्कूल बच्चों के स्कूल के बारे में कहा, लेकिन नरेंद्र मोदी किस स्कूल में पढ़े थे।

# बीजापुर में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया

## शव और हथियार बरामद, रुक-रुककर हो रही गोलीबारी, जवानों ने बड़े नक्सल कैडर्स को घेरा

**जगदलपुर ■ एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में जवानों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को ढेर कर दिया है। जवानों ने शनिवार को सुबह मारे गए नक्सली का शव और हथियार बरामद किया है।



बताया जा रहा है कि 4 जुलाई की रात से रुक-रुककर मुठभेड़ चल रही है। मामला नेशनल पार्क एरिया का है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ रात से ऑपरेशन जारी है। पुरुष नक्सली मारा गया है। जवानों की टीम अभी मौके पर मौजूद है। जवानों और नक्सलियों के बीच गोलीबारी चल रही है। बताया जा रहा है कि इस इलाके में नक्सलियों के बड़े कैडर्स की मौजूदगी है।

### बड़ी संख्या में नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल पार्क एरिया में बड़ी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को सर्च ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। 4 जुलाई की शाम जब जवान उस इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया।

### कांकेर में अबूझमाड़ से 2 नक्सली गिरफ्तार

कांकेर में बीएसएफ के जवानों ने अबूझमाड़ के मीनडी गांव से 2 नक्सलियों को हथियार और आईईडी बनाने के समान के साथ पकड़ा है। इसमें एक महिला और एक पुरुष नक्सली शामिल हैं। बीएसएफ के 47 और 40 बटालियन ने गिरफ्तार किया है।

अब बीहड़ की बिजली से जगमगायेंगे मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश

# ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उद्योग हकीकत ■ भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। हम सबके जीवन में उजाला लाने के लिए कटिबद्ध हैं। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में



विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहां 265.56 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है। केंद्र सरकार की मदद से यहां पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदियों को आपस में जोड़ने की राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना पर करीब 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से काम किया जा रहा है। साथ ही केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी लिंक परियोजना से भी ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के किसानों को व्यापक स्तर पर लाभ मिलने वाला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। यहां के बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नये सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है। इससे यहां तेजी से औद्योगिक विकास होगा और इस क्षेत्र का कायाकल्प भी सुनिश्चित होगा।

भारत-अमेरिका टैरिफ डील पर राहुल गांधी का केंद्र पर हमला

# पीयूष गोयल चाहे अपनी छाती पीट लें, ट्रंप के आगे झुक जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने टैरिफ को लेकर अमेरिका के साथ चल रही भारत की बातचीत को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला। राहुल गांधी ने एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के बयानों को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बने गतिरोध के बीच तय समय सीमा के आगे झुक जाएंगे। बता दें कि टैरिफ टाइमलाइन की मियांद 9 जुलाई को खत्म हो रही है। बता दें कि अमेरिका ने भारत के लिए 26 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की बात कही थी। इसके बाद समझौते को लेकर इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया गया था। वो समय सीमा अब पूरी होने वाली है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने ट्रेड डील को लेकर ऐसे वक्त में बयान दिया है, जब केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अमेरिका के साथ तभी व्यापार समझौता करेगा जब उसके हितों की रक्षा होगी।

### राहुल गांधी ने किया ट्रेड डील का दावा

पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर 9 जुलाई की समयसीमा से पहले हस्ताक्षर होने की संभावना है। वहीं राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कहा कि पीयूष गोयल अपनी छाती पीट लें। मेरे शब्दों पर ध्यान दें, मोदी ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे झुक जाएंगे।

# भगोड़े नीरव मोदी का भाई नेहल अमेरिका में गिरफ्तार

## पीएनबी घोटाले में सीबीआई-आईडी की अपील पर एक्शन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के एक और अहम आरोपी नीरव मोदी के भाई नेहल दीपक मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी भारत की प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की संयुक्त अपील पर अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा 4 जुलाई को की गई। इसे भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले की जांच में एक बड़ी कूटनीतिक और कानूनी सफलता माना जा रहा है। नेहल मोदी की गिरफ्तारी भारत सरकार के औपचारिक प्रत्यर्पण अनुरोध के तहत हुई है और अब उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया अमेरिका में शुरू हो चुकी है।

खास — सरकार ने इसमें 50 प्रतिशत की कटौती की

# नेशनल हाईवे पर अब लगेगा आधा टोल टैक्स

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सरकार ने नेशनल हाईवे पर टोल टैक्स में 50 प्रतिशत तक की कटौती की है। यह कटौती विशेष रूप से उन हाईवे पर हुई है जहां ब्रिज, टनल, फ्लाईओवर या एलिवेटेड स्ट्रेच मौजूद हैं। यहां यात्रा करने के लिए अब कम टोल चुकाना होगा। इससे सफर की लागत घटेगी। सरकार ने नेशनल हाईवे पर उन हिस्सों के लिए टोल टैक्स को 50 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जहां पुल, सुरंग, फ्लाईओवर या एलिवेटेड रास्ते हैं। यानी अब इन रास्तों पर सफर करना पहले से सस्ता हो जाएगा। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के एक सीनियर अफसर के अनुसार पुराने नियमों के चलते हर किलोमीटर में किसी स्पेशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए




सामान्य टोल फीस का 10 गुना चार्ज देना पड़ता था। यह तरीका उस इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत पूरा करने के लिए बनाया गया था। अब नए नियमों में यह टोल टैक्स करीब 50 प्रतिशत तक घट जाएगा।

### टोल टैक्स कम करने का फॉर्मूला

नए नियम के तहत, टोल की गणना दो तरीकों से होगी और जो कम होगा, वही लागू होगा। अगर राजमार्ग का कोई हिस्सा पुल या सुरंग जैसी संरचना है, तो टोल की गणना के लिए संरचना की लंबाई को 10 गुना करके सामान्य सड़क की लंबाई में जोड़ा जाएगा, या फिर पूरे हिस्से की लंबाई को 5 गुना किया जाएगा। इनमें से जो कम होगा, उसी के आधार पर टोल लिया जाएगा। खास तौर पर उन लोगों को फायदा होगा जो ऐसे राजमार्गों पर सफर करते हैं, जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा पुल, सुरंग या फ्लाईओवर जैसे ढांचों का है। मिसाल के तौर पर, द्वारका एक्सप्रेसवे जैसे रास्तों पर टोल पहले 317 रुपए था, जो अब 153 रुपए हो सकता है। इससे आम यात्रियों और कॉमर्शियल वाहन वालों को काफी राहत मिलेगी।

### यह बदलाव इसलिए

सरकार का मकसद यात्रियों की यात्रा लागत को कम करना है, खासकर उन रास्तों पर जहां ढांचों की लागत ज्यादा होने की वजह से टोल ज्यादा वसूला जाता था। यह कदम खासकर शहरों के आसपास के बाइपास और रिंग रोड्स पर सफर करने वालों के लिए फायदेमंद होगा। यह नियम सिर्फ उन राजमार्गों पर लागू होगा जहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा संरचनाओं (जैसे पुल, सुरंग, फ्लाईओवर) से बना है। सामान्य सड़कों पर टोल पहले जैसा ही रहेगा। यह नियम लागू हो चुका है, और यात्रियों को जल्द ही इन रास्तों पर कम टोल देना शुरू करना होगा।

तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पंच प्यारों का आदेश

# सुखबीर बादल तनखैया घोषित

**लुधियाना।** पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम और शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर तनखैया (सिख धर्म में तनखैया का मतलब होता है धार्मिक गुनहगार) घोषित किया गया है। शनिवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से ये आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सुखबीर बादल को 2 बार अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद ये फैसला लिया गया। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के फैसले के मुताबिक सुखबीर बादल ने सिद्धांतों, मर्यादाओं और पंज प्यारों के आदेशों का उल्लंघन किया। तख्त की प्रबंधक समिति के अधिकारों में दखल दिया। 9 और 10 मई 2023 को समिति की बैठकों में लिए गए निर्णयों को खुली चुनौती दी। पंज प्यारे सिंह साहिबों की जांच में स्पष्ट हुआ है कि इस साजिश में सुखबीर बादल की भी अहम भूमिका रही। पंज प्यारों ने 21 मई और 1 जून को सुखबीर बादल को अपना पक्ष रखने के लिए मौके दिए, लेकिन दोनों दिन वे तख्त के समक्ष पेश नहीं हुए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के विशेष अनुरोध पर उन्हें 20 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया, लेकिन तीसरे मौके पर भी तख्त के समक्ष उन्होंने अपना पक्ष नहीं रखा।

# वन्यजीव संकटः टूटती पारिस्थितिकी की कड़ी!

हमारे देश में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाने वाला 'वन महोत्सव' केवल औपचारिकता बन कर न रह जाए, इसके लिए अब गहराई से चिंतन की आवश्यकता है। इस उत्सव का मूल उद्देश्य वनों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाना है। क्या एक सप्ताह की सक्रियता हमारे घटते वनों की पीड़ा को शांत कर सकती है? भारत एक समय हराभरा देश था। आज ये हरियाली लगातार सिकुड़ती जा रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण 2023 की रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वन क्षेत्र लगभग 80.73 मिलियन हेक्टेयर है, जो कि भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24.62 प्रतिशत है। यह आंकड़ा सुनने में बड़ा प्रतीत होता है। जब यह ज्ञात होता है कि इसमें से 12 फीसदी से अधिक क्षेत्र केवल स्क्रब, झाड़ियाँ या क्षतिग्रस्त वन भूमि है, तब स्थिति की गंभीरता स्पष्ट हो जाती है। वैश्विक औसत के मुकाबले भारत वन आच्छादन में अब भी पीछे है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, किसी देश का कम से कम 33 प्रतिशत क्षेत्र वनाच्छादित होना चाहिए। हमारा लक्ष्य अब भी अधूरा है। वन केवल हरियाली नहीं हैं, ये एक जटिल परिस्थकीय तंत्र का हिस्सा हैं। वन पृथ्वी के फेफड़े हैं, जो वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड लेकर हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वनों के कारण वर्षा होती है, मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, भूजल स्तर संतुलित रहता है और जैव विविधता संरक्षित होती है। भारत जैसे देश में जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है, वहां वनों का विनाश सीधे तौर पर किसान की आजीविका से जुड़ा होता है। वन कटने से मिट्टी का कटाव बढ़ता है। जल स्रोत सूखने लगते हैं। इसका असर खाद्य उत्पादन, पशुपालन और ग्रामीण जीवन की स्थिरता पर गहरा पड़ता है।

आर्थिक विकास के नाम पर सड़कें, रेललाइन, बिजली परियोजनाएं और उद्योग वनों को निगल रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत में विकास परियोजनाओं के चलते 14,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र साफ किया गया है। कई बार यह कटाई उस पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देती है, जिसे बनने में सैकड़ों साल लगे थे। उदाहरण के तौर पर मध्य भारत के जंगलों में पाए जाने वाले बाघ, हाथी, गौर, और अन्य कई प्रजातियों का आवास क्षेत्र सीमित होता जा रहा है। जैव विविधता का यह संकट केवल वन्यजीवों का नहीं, मानव जाति का भी है। बढ़ती वन कटाई और अवैध शिकार का एक दर्दनाक प्रमाण देश में बाघों की लगातार हो रही मौतें हैं। वर्ष 2025 के पहले छह महीनों में ही 107 बाघ अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें 20 मासूम शावक भी शामिल हैं। यह संख्या पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत अधिक है और बीते पाँच वर्षों में सबसे भयावह आँकड़ा है।

वर्ष 2021 से अब तक देश में 666 बाघ मृत पाए गए हैं। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में सबसे अधिक मौतें दर्ज हुई हैं, जो बताता है कि जंगलों का सिकुड़ता दायरा और मानवीय दखल अब उन प्रजातियों को भी निगल रहा है, जिन्हें हमने कभी 'राष्ट्रीय गौरव' कहा था। वैसे भी जब एक पारिस्थितिक तंत्र नष्ट होता है, तो उसकी कड़ी में जुड़े सभी अंग प्रभावित होते हैं जिनमें हम भी शामिल हैं। वनों के संरक्षण के लिए सरकारें पौधरोपण अभियान चलाती हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह पर्याप्त है? बरसात के मौसम में लगाए गए पौधे जीवित भी रह पाएँ, इसके लिए देखरेख और स्थानीय लोगों की सहभागिता आवश्यक है। आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगाए गए लगभग 60 प्रतिशत पौधे पहले दो वर्षों में ही सूख जाते हैं या नष्ट हो जाते हैं। इसका कारण केवल जलवायु नहीं है। प्रशासनिक लापरवाही, देखरेख की कमी और जनमानस में स्वामित्व की भावना का अभाव भी इसकी वजहें हैं।

'चिपको आंदोलन' की तरह आज फिर से एक जनआंदोलन की ज़रूरत है। सोशल मीडिया पर पर्यावरण बचाने की बातें करने से आगे बढ़ना होगा। स्थानीय स्तर पर पौधे लगाने, उन्हें संरक्षित करने और जंगलों को बचाने के ठोस प्रयास करने होंगे। वनों का संकट केवल वन विभाग का विषय नहीं है। यह पूरे समाज का प्रश्न है। वनों को बचाने के लिए नीति निर्धारण में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। केवल शहरी क्षेत्रों में पौधरोपण कर लेने से पर्यावरण नहीं बचेगा। ग्रामीण और वनवासी क्षेत्रों में मौजूद प्राकृतिक वनों की रक्षा ज़रूरी है। वनवासी समुदायों का पारंपरिक ज्ञान, जंगल से उनका संबंध, और उनकी जीवनशैली को संरक्षण के केंद्र में लाना होगा। वन महोत्सव का यह सप्ताह महज एक उत्सव नहीं है। यह एक चेतावनी है। समय रहते नहीं चेते तो सांस लेने के लिए हवा भी बाजार में बिकेगी और पानी की एक-एक बूँद के लिए संघर्ष होगा। यह स्वीकार करना होगा कि वन हमारे लिए नहीं, हम वनों के लिए हैं। जब तक यह भाव मन में नहीं आएगा, तब तक कोई भी वन महोत्सव केवल औपचारिक रस्म बनकर रह जाएगा।

# विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदाथरे के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव।

इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है। बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं। जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था।

# जनसंख्या वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी

*"जनसंख्या में वृद्धि सीमित बुनियादी ढांचे पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है और किसी भी देश की प्रगति को नकार रही है।अंधविश्वासी लोग मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों से आते हैं,वे सोचते हैं कि बेटा पैदा करने से उन्हें समृद्धि मिलेगी और इसलिए माता-पिता पर तब तक बच्चे पैदा करने का काफी दबाव होता है जब तक कि बेटा पैदा न हो जाए। इससे भारत,बांग्लादेश जैसे अविकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि होती है।गरीबी इसका एक और मुख्य कारण है। गरीब लोगों का मानना है कि परिवार में जितने ज्यादा लोग होंगे,रोटी कमाने वालों की संख्या उतनी ही ज्यादा होगी। इसलिए यह जनसंख्या वृद्धि में योगदान देता है।पड़ोसी देशों से लोगों के लगातार अवैध प्रवास से देशों में जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती है।"*



**जनसंख्या वृद्धि** से तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र में व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि से है, और यह हाल के दशकों में दुनिया के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक रहा है। जैसे-जैसे मानव आबादी बढ़ती जा रही है, भोजन, पानी और ऊर्जा की मांग भी बढ़ती जा रही है। जनसंख्या में यह तीव्र वृद्धि प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव से लेकर पर्यावरणीय क्षरण तक कई चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। हम जनसंख्या की घातीय वृद्धि में योगदान करने वाले कारकों, ग्रह पर इस वृद्धि के प्रभावों और इस लगातार बढ़ती समस्या को प्रबंधित करने के लिए आवश्यक समाधानों की खोज करके जनसंख्या वृद्धि पर कुछ निबंधों पर चर्चा करेंगे। सभी के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि के परिणामों को समझना महत्वपूर्ण है।दुनिया के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक जनसंख्या की घातीय वृद्धि की समस्या है। यह समस्या सबसे बड़ी है। दुनिया के अधिकांश देशों में जनसंख्या के आंकड़ों में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

दुनिया के संसाधन सीमित हैं और इसलिए वे एक निश्चित सीमा से ज़्यादा आबादी का भरण-पोषण नहीं कर सकते। दुनिया भर में खाद्यान्न की कमी और नौकरियों की कमी की खबरें आती रही हैं। मनुष्यों की संख्या स्थिर दर से बढ़ रही है। दुनिया की आबादी पहले ही छह अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है और अगले तीन या चार दशकों में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।अगर जनसंख्या इसी दर से बढ़ती रही तो अधिक आबादी वाले देशों की अर्थव्यवस्था जनसंख्या वृद्धि का सामना करने में असमर्थ हो जाएगी। सभी के दरवाज़े पर शांति, आराम और कल्याण लाने की हर कोशिश नाकाम हो जाएगी और अगर जनसंख्या को उचित सीमा में नहीं रखा गया तो दुख प्रमुख हो जाएगा। कुछ देशों को छोड़कर, सभी देश जनसंख्या वृद्धि का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में, दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश चीन है और भारत दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है।

भारत दुनिया की 17% आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया और यूरोप के कुछ देशों जैसे अन्य देशों में जनसंख्या विस्फोट का ख़तरा है। वर्तमान में, दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जिससे कई चुनौतियाँ पैदा हो रही हैं। अभी तक, वैश्विक जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन है और 2025 तक 8 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है। यह तीव्र वृद्धि पृथ्वी के संसाधनों पर अत्यधिक दबाव डालती है, क्योंकि ग्रह भोजन, पानी, आवास और नौकरियों की माँगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करता है। अधिक जनसंख्या के कारण संसाधनों की कमी, पर्यावरण क्षरण और गरीबी के स्तर में वृद्धि हो सकती है, साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र पर भी दबाव पड़ सकता है।उच्च जन्म दर, परिवार नियोजन तक अपर्याप्त पहुँच, प्रवास और गरीबी जैसे कारक इस समस्या में योगदान करते हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण वनों की कटाई, जैव विविधता का ह्रास और प्रदूषण में वृद्धि होती है, जिससे जलवायु परिवर्तन और भी बदतर हो जाता है। इसे संबोधित करने के लिए, राष्ट्रों को परिवार नियोजन, शिक्षा और संधारणीय प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

केवल प्रभावी रणनीतियों को अपनाकर ही हम आने वाली पीढ़ियों और ग्रह के लिए एक स्थिर, स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं।जनसंख्या वृद्धि से तात्पर्य किसी निश्चित अवधि में किसी विशिष्ट क्षेत्र में रहने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि से है। दुनिया की आबादी खतरनाक दर से बढ़ रही है, जो वर्तमान में 7.6 बिलियन के करीब है, और 2025 तक इसके 8 बिलियन को पार करने की उम्मीद है। यह घातीय वृद्धि ग्रह के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां पेश करती है, क्योंकि पृथ्वी के संसाधन सीमित हैं और लगातार बढ़ती आबादी को अनिश्चित काल तक सहारा नहीं दे सकते।तेजी से बढ़ती जनसंख्या की मुख्य चिंताओं में से एक यह है कि यह प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव डालती है। अधिक जनसंख्या के कारण अधिक खेती, वनों की कटाई और अत्यधिक पानी की खपत होती है, जिससे पर्यावरण का क्षरण होता है। अधिक लोगों को भोजन, पानी और आश्रय की आवश्यकता होने के कारण, भूमि और पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव बढ़ता है, जिससे आवश्यक संसाधनों का ह्रास होता है। इसके अतिरिक्त, बढ़ती आबादी से बढ़ता कचरा और प्रदूषण जलवायु परिवर्तन में योगदान देता है। परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के कारण ग्रह की भविष्य की स्थिरता को खतरा है।जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण मृत्यु दर में कमी और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि है। अतीत में, सीमित स्वास्थ्य सेवा, युद्ध और प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन्म और मृत्यु दर अधिक संतुलित थी। हालाँकि, जैसे-जैसे शिक्षा फैली, लोगों में स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूकता आई और उन्होंने बुनियादी बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने का तरीका है। जनसंख्या वृद्धि में योगदान देने वाला एक अन्य कारक अशिक्षा है। जब लोग कम शिक्षित होते हैं, तो वे पुरानी मान्यताओं और अंधविश्वासों का पालन करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और जीवन के बारे में गलतफहमियाँ पैदा होती हैं। शिक्षित लोग जन्म नियंत्रण विधियों से अच्छी तरह वाकिफ होते हैं।परिवार नियोजन, कल्याण कार्यक्रम और नीतियों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।

जनसंख्या में वृद्धि सीमित बुनियादी ढांचे पर बहुत अधिक दबाव डाल रही है और किसी भी देश की प्रगति को नकार रही है।अंधविश्वासी लोग मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों से आते हैं, वे सोचते हैं कि बेटा पैदा करने से उन्हें समृद्धि मिलेगी और इसलिए माता-पिता पर तब तक बच्चे पैदा करने का काफी दबाव होता है जब तक कि बेटा पैदा न हो जाए। इससे भारत, बांग्लादेश जैसे अविकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि होती है।गरीबी इसका एक और मुख्य कारण है। गरीब लोगों का मानना है कि परिवार में जितने ज़्यादा लोग होंगे, रोटी कमाने वालों की संख्या उतनी ही ज़्यादा होगी। इसलिए यह जनसंख्या वृद्धि में योगदान देता है।पड़ोसी देशों से लोगों के लगातार अवैध प्रवास से देशों में जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती है।धार्मिक भावना जनसंख्या विस्फोट का एक और कारण है। कुछ रूढ़िवादी समुदायों का मानना है कि निषेध का कोई भी आदेश या वैधानिक तरीका अपवित्र है।

जनसंख्या वृद्धि का लोगों के जीवन स्तर पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। दुनिया भर में अधिक जनसंख्या के कारण मीठे पानी की आपूर्ति की अधिक मांग हो सकती है और यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है क्योंकि पृथ्वी पर केवल 3% मीठा पानी है।जनसंख्या की घातीय वृद्धि के कारण पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन समाप्त हो रहे हैं। इन संसाधनों की भरपाई इतनी आसानी से नहीं की जा सकती। अगर जनसंख्या वृद्धि पर कोई रोक नहीं लगाई गई तो अगले कुछ सालों में एक दिन ऐसा आएगा जब ये प्राकृतिक संसाधन पूरी तरह से खत्म हो जाएँगे।जनसंख्या वृद्धि के कारण जलवायु परिस्थितियों पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। मानवीय गतिविधियाँ वैश्विक तापमान में परिवर्तन के लिए जनसंख्या वृद्धि जिम्मेदार हैं।संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का उद्देश्य गरीबी को कम करना, स्वास्थ्य सेवा में सुधार करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

जबकि जनसंख्या वृद्धि प्रगति को गति दे सकती है, यह संसाधनों और पर्यावरण पर भी दबाव डालती है। विकास को संधारणीय रूप से प्रबंधित करने और सभी के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक समन्वित, बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है।पृथ्वी की वर्तमान जनसंख्या लगभग 7.6 बिलियन लोग हैं, और यह बढ़ रही है। 2025 तक इसकी संख्या 8 बिलियन, 2040 तक 9 बिलियन और 2100 तक 11 बिलियन से अधिक होने की उम्मीद है। जनसंख्या तेज़ी से बढ़ रही है, जो मौजूदा आदतों को देखते हुए इसे बनाए रखने की हमारी ग्रह की क्षमता से कहीं अधिक है।अधिक जनसंख्या कई तरह के हानिकारक पर्यावरणीय और आर्थिक परिणामों से जुड़ी हुई है, जिसमें अत्यधिक खेती, वनों की कटाई और जल प्रदूषण शामिल है, जैसा कि हम जानते हैं। जनसंख्या वृद्धि को संबोधित करने के लिए प्रभावी नीतियों और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। मुख्य कदमों में परिवार नियोजन कार्यक्रमों को लागू करना, लड़कियों और महिलाओं को प्रजनन दर कम करने के लिए शिक्षित करना और संधारणीय जीवन सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य सेवा में सुधार करना शामिल है।

सरकारों को छोटे परिवारों को प्रोत्साहित करना चाहिए और पर्यावरण के अनुकूल शहरी नियोजन, किफायती आवास और स्वच्छ जल तक पहुँच जैसे संधारणीय बुनियादी ढाँचे में निवेश करना चाहिए। इसके अलावा, जनसंख्या वृद्धि गरीबी, बेरोजगारी और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक अपर्याप्त पहुंच जैसे मुद्दों को बढ़ाती है। बड़ी आबादी वाले देश अक्सर बुनियादी सेवाएं प्रदान करने के लिए संघर्ष करते हैं, जिससे असमानता और सामाजिक अशांति होती है।इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, स्थायी जनसंख्या नियंत्रण उपायों को लागू करना महत्वपूर्ण है। शिक्षा, परिवार नियोजन और परिवार के आकार को सीमित करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने से विकास दर को रोकने में मदद मिल सकती है। अंततः, जनसंख्या वृद्धि और संसाधन प्रबंधन के बीच संतुलन बनाना आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की कुंजी है।

# आओ अनियोजित निर्णय पर ध्यान दें

**मानव के** व्यावहारिक जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न होती है जहां उस विशेष अनियोजित परिस्थितियों में अचानक ही निर्णय लेने की ज़रूरत होती है बस!यही वह समय होता है जब अपनी बुद्धि कौशलता के साथ हमें बड़े बुजुर्गों द्वारा कही गई कहावतों, मुहावरों, विचारों को रेखांकित करने की अत्यंत तात्कालिक ज़रूरत होती है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, मेरा मानना है कि उससे हमें अति उच्च गुणवत्ता का सकारात्मक निर्णय लेने में आसानी होती है,जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम होते हैं और उन परिस्थितियों में पढ़ने वाले विपरीत नुकसान, दुष्परिणामों से बचा जा सकता है जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम निकलते हैं और हम उसका श्रेय बड़े बुजुर्गों के आशीर्वाद के रूप में ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हम व्यवहारिक जीवन में निर्णय लेने की करें तो यह दो प्रकार का हो सकता है नियोजित और अनियोजित निर्णय, ऐसे निर्णय जो किसी परिस्थिति विशेष पर अकस्मात लेने पड़ते हैं जिसके लिए कोई पूर्व योजना नहीं होती है अनियोजित निर्णय कहलाते हैं। इसके विपरीत ऐसे निर्णय जो किसी पूर्व योजना पर आधारित होते हैं, नियोजित निर्णय कहलाते हैं। नियोजित निर्णय ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं क्योंकि यह पूर्व निर्धारित योजना पर आधारित होते हैं।

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों की कहावतों की करें तो, कहावत उस छोटे से वाक्य या लाइन को कहा जाता है जिसके माध्यम से बड़ी-बड़ी बातें कह दी जाती है। गाँव, घर में अक्सर बड़े-बुजुर्गों के द्वारा बहुत सारी कहावतें सुनने को मिलती है। इन कहावतों को स्कूल में नही पढाया जाता है, इसे ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बोलने में प्रयोग करते है। बहुत सारी ऐसी कहावतें होती है जो घर की महिलाओं के द्वारा प्रयोग की जाती है, कई बार गाँव में बड़े बुजुर्गों की कहावत का अर्थ तो पढ़े लिखे लोग भी नहीं निकाल पाते है, और शर्म में हाँ में हाँ मिलाकर आगे बढ़ जाते है।

साथियों बात अगर हम तुरंत निर्णय लेने वाली परिस्थितियों की करें तो, मानव जीवन में अनेक बार ऐसी परिस्थितियां आती है जब मनुष्य समझ नहीं पाता कि उसे किस तरह उस परिस्थिति का सामना करना है । परिस्थितिवश उत्पन्न स्थिति स्वयं में इतनी उलझी होती है की अगर सूझ बूझ और दूर दृष्टि का सहारा न लिया जाये तो निर्णय गलत होने की पूरी सम्भावना रहती है ।अनेको बार छोटी छोटी बातें हमें नकारात्मक गहराई तक प्रभावित करती हैं । ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बेहतर तो यह है की हम शांति और धैर्य से उस परिस्थिति का विश्लेषण करें तथा उस स्थिति के पक्ष विपक्ष दोनों के बारे में सोंचे क्योंकि प्रत्येक स्थिति के दो पहलू होते है , एक अगर सकारात्मक है तो दूसरा नकारात्मक अवश्य होगा । हमें परिस्थिति के गुण दोष के आधार पर निर्णय लेना चाहिए न कि जल्दबाजी में या घबराकर कोई कदम उठाना चाहिए जिससे की हमारे पक्ष में होने वाली बात का भी विपरीत असर हो जाये ।सबसे बड़ी बात हमें किसी भी विपरीत स्थिति में धैर्य , सहनशीलता और शांति से निर्णय लेने की आदत डालनी चाहिए अगर ऐसा हुआ तो हम अपने जीवन में अवश्य सफल होंगे ।

साथियों बात अगर हम कानों सुनी और आंखों देखी पर भी सोच समझकर निर्णय लेने की करें तो,आँखों देखी या कानों से सुनी हर बात सत्य हो, यह आवश्यक नहीं है। हम उस एक ही पक्ष को देखते और सुनते हैं, जो हमें प्रत्यक्ष दिखाई या सुनाई देता है। उसके दूसरे पहलू के विषय में जानकारी न होने के कारण हम कोई विशेष धारणा बना लेते हैं। जब हमारा वास्तविकता से सामना होता है तब पश्चाताप करना पड़ता है। अपनी नजरों को झुकाकर क्षमा-याचना करनी पड़ती है। उस दयनीय स्थिति से बचने के लिए मनुष्य को सावधान रहना चाहिए। उसे ऐसा कुछ भी नहीं कहना चाहिए जो उसके तिरस्कार का कारण बन जाए।

साथियों बात अगर हम परिस्थितियों पर निर्भर सटीक निर्णय लेने की करें तो, आधा-अधूरा ज्ञान सदा ही विध्वंस कारक होता है। जो भी देखें या सुने उसे निकष पर कसें। इससे भी बढ़कर यह जानने का प्रयास करना चाहिए कि हमारी सोच कहाँ तक सही है। किसी भी घटना के सारे पहलुओं को जाने बिना कोई धारणा नहीं बनानी चाहिए। इसके अतिरिक्त चटकारे लेकर, मिर्च-मसाला लगाकर दूसरों को अपमानित करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए। ऐसे अफवाहें फैलाने वालों की जब पोल खुल जाती है तो वे कहीं के भी नहीं रह जाते। लोग उन पर विश्वास करना छोड़ देते हैं और उनकी बातों को सीरियसली न लेकर मजाक में उड़ा देते हैं। इसलिए मनुष्य को ऐसी स्थितयों से बचना चाहिए। उसे एक जिम्मेदार मनुष्य बनने का प्रयास करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम परिस्थितियों व निर्णय पर बीरबल और अकबर के सीख वाले किस्से की करें तो उपरोक्त कहावतों को सटीकता से समझने के लिए, मेरे पिताजी द्वारा बताया गया किस्सा जरूर सुनना चाहिए, राजा अक़बर जंगल में शिकार करते हुए रास्ता भटक गए, देर होने के कारण रानी साहिबा ने नौकर को रूम बेड क्लीन का आदेश दिया नौकर नें रूम में मखमली बेड को देखा तो दिल बेड पर एक बार सोने के लिए ललचाया और वह चादर ओढ़ कर सो गया उसे नींद आ गई!!उधर रानी साहिबा भी अपनी धुन में ही आई और बेड पर राजा आराम फरमा रहे हैं समझकर उन पर हाथ रख कर सो गई। जब देर रात्रि राजा अपने रूम में आया तो किसी और के साथ रानी को सोते देख गुस्से से लाल हुआ और बंदूक निकाल कर दोनों को गोली से उड़ाने ही वाले थे कि उन्हें बीरबल की बात याद आई कि कानों सुनी तो क्या आंखों देखी पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए!! इसलिए राजा रुक गया और इंतजार किया!! जब रानी और नौकर की नींद टूटी तो दोनों बहुत भौचक्के रह गए और रानी ने नौकर पर चिल्लाया तब नौकर ने माफी मांगी और बेड पर सोने का अपना किस्सा सुनाया कि वह मखमली बेड देखकर वह सोया और रानी ने भी राजा समझ कर बेड पर सोई यह सच्चाई सुनकर राजा ने कहा बड़े बुजुर्गों की कहावतों के निर्णय नें आज रानी और नौकर की जान बचाई यह समझ में आया और दूसरे दिन बीरबल को बुलाकर पुरस्कृत किया।


# मप्र के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश, 7 जिलों में बाढ़ का खतरा

### सतपुड़ा के 7, बान सुजारा डैम के 12 गेट खोले गए
### रायसेन में कॉलोनी में बहने लगा बच्चा, लोगों ने बचाया; नर्मदापुरम में स्कूलों की छुट्टी

भोपाल

मप्र में लगातार तेज बारिश की वजह से नर्मदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मंडला, डिंडौरी, श्योपुर, शहडोल, उमरिया समेत कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। सोमवार को 30 से ज्यादा जिलों में बारिश का दौर चला। वहीं, मंगलवार को 7 जिलों में बाढ़ का खतरा है। मौसम विभाग ने अति भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। टीकमगढ़ जिले में धसान नदी पर बने बान सुजारा बांध के 5 गेट और खोल दिए गए हैं। सुबह 7 गेट खोले थे। दमोह में सतधरू और साजली बांध के तीन-तीन गेट खोले गए हैं। नरसिंहपुर के कौड़ियां गांव में बाढ़ आ गई है। रहवासियों का कहना है कि घर में बैठने तक की जगह नहीं है। बैतूल जिले के सारणी में सतपुड़ा डैम के 7 गेट 5-5 फीट तक खोल दिए गए हैं। वहीं छतरपुर और टीकमगढ़ के बान सुजारा बांध के 5 और गेट खोल दिए गए हैं। सुबह 7 गेट खोले गए हैं। अब कुल 12 गेट पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार हो रही बारिश से पुल के दोनों छोर पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी तैनात हैं। आसपास के गांवों में प्रशासन ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

नर्मदापुरम में जिला शिक्षा अधिकारी ने बारिश को देखते हुए मंगलवार को स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है। मंडला में नर्मदा नदी 438.10 मीटर पर बह रही है। ये खतरे के निशान 437.8 से ऊपर है। सोमवार रात मंडला में उफनती नदी पार करने के दौरान बाइक सवार बह गए। दो युवक बाहर निकल आए, जबकि एक लापता है। नरसिंहपुर में नर्मदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यहां बरमान का पुराना पुल से लगकर पानी बह रहा है। यदि जलस्तर इसी तरह बढ़ता गया तो लगभग 7 फीट ऊंचाई के बाद पुल डूब जाएगा। रेतघाट का पुल डूब चुका है।



### 3 दिन में खुल गए बरगी बांध के 17 गेट

मंडला-डिंडोरी सहित जबलपुर के आसपास हो रही लगातार बारिश के चलते सिर्फ 3 दिन के भीतर ही बरगी बांध प्रबंधन को डैम के 17 गेट खोलने पड़े। मंगलवार को एक बार फिर बांध के 4 गेट खोल दिए गए हैं। बांध की जलस्तर अब बढ़कर 419.50 मीटर पहुंच गया है। 17 गेटों से 2 लाख 92 हजार 514 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे पहले रविवार को 9 गेट, सोमवार को 4 और अब आज 4 गेट और खुले।

### देवरी में कार, स्कूटी और ठेला बहे

रायसेन जिले के देवरी में 20 इंच बारिश हो चुकी है। इस दौरान सड़क पर खड़ी कार एक एक्टिवा और ठेला भी तेज बहाव में बह गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बेगमगंज भारी बारिश के चलते दो मंजिला मकान की छत भरभराकर गिर गई। घटना सोमवार देर रात करीब 1:30 बजे की है। जिस समय हादसा हुआ उस समय मकान में कोई भी मौजूद नहीं था। मकान मालिक बाबू कुरैशी अपने परिवार के साथ पास में ही बने दूसरे मकान में थे।

### छिंदवाड़ा में पुल पर से बह रहा नदी का पानी

छिंदवाड़ा के हर्रई में 48 घंटे से लगातार बारिश जारी है। नदी का पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। करीब 10 गांवों का संपर्क टूट गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने बैरिकेड लगा दिए हैं।

### युवक सींगरी नदी में बहा

नरसिंहपुर के किसानी वार्ड का रहने वाला जाकिर खान नाम का युवक सींगरी नदी में बह गया है। गणेश मंदिर से कचहरी मार्ग को जोड़ने वाले पुल को पार करने के दौरान ये हादसा हुआ। युवक की तलाश की जा रही है। नरसिंहपुर के साईखेड़ा में कोली पुल के ऊपर नर्मदा का पानी आ गया है। नरसिंहपुर जिले का रायसेन जिले से संपर्क टूट गया है। आवागमन पूरी तरह बंद है। एहतियातन पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। नरसिंहपुर जिले के बरमान में नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर है।

## सिंगापुर अंडरब्रिज पर मंत्री सिलावट सख्त ; काम तुरंत चालू हो, समन्वय से सुलझाएं ट्रैफिक समस्या

### जनता को न हो परेशानी, भारी वाहनों पर लगे रोक



इंदौर

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सिंगापुर टाउनशिप रेलवे अंडर ब्रिज को लेकर एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में उन्होंने रेलवे अधिकारियों को नवीन अंडरपास का रुका हुआ निर्माण कार्य तत्काल चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि रेलवे, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस सहित सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की ट्रैफिक समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में मंत्री सिलावट ने कहा कि 2018 से लंबित इस निर्माण कार्य को अविलंब पूरा किया जाए। उन्होंने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से फोन पर भी बात की, जिसके बाद कार्य तुरंत शुरू करने का आश्वासन मिला। मंत्री सिलावट ने सभी अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने और लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के मौसम में स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों को कोई दिक्कत न हो।

### ट्रैफिक प्रबंधन के निर्देश

मंत्री सिलावट ने निर्माणाधीन अंडर ब्रिज की बाउंड्रीवॉल बनाने और कार्य पूर्ण होने की समय-सीमा बताने को भी कहा। उन्होंने रेत डंपर, बड़े टैंकर, क्रेन, जेसीबी जैसे भारी वाहनों के आवागमन को रोकने के लिए आरपीएफ पुलिस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर कलेक्टर और ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को बताया कि सुबह 6 से 8 बजे और दोपहर 2 से 4 बजे तक भारी वाहनों और स्कूल बसों के कारण अंडर ब्रिज पर यातायात बाधित होता है, जिससे स्थानीय नागरिकों और स्कूली बच्चों को परेशानी होती है।

## न्यूज ब्रीफ

### रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष चेकिंग अभियान शुरू

**इन्दौर।** जीआरपी पुलिस द्वारा आगामी श्रावण मास में रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष चेकिग अभियान मंगलवार से शुरू हुआ। जीआरपी पुलिस अधीक्षक संतोषकुमार कोरी ने बताया कि इंदौर के अलावा उज्जैन, रतलाम, नीमच, श्यामगढ़, मेघनगर, नागदा रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट के स्टेशन परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों को भी पकड़ा गया। करीब ढाई सौ व्यक्तियों को चेक किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। सावन मास के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए अभी से ही सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए जाएं।

### समाजसेवी कमल डोंगरिया का दुखद निधन

**इंदौर।** श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी और स्वर्गीय फतेहचंद डोंगरिया के सुपुत्र कमल डोंगरिया का मंगलवार सुबह अल्प बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। कमल डोंगरिया ने आजीवन चित्तौड़ा, अग्रवाल और वैश्य समाजों के बीच एकता सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर समर्पित भाव से कार्य किया। निधन से पूर्व उन्होंने गो सेवा का पुण्य लाभ भी प्राप्त किया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियों, दामादों सहित एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार, 9 जुलाई को सुबह 11 बजे उनके 80-सी, संगम नगर स्थित निवास से शुरू होकर निज निवास 72 सर हुकमचंद मार्ग, इतवारिया बाजार होते हुए पंचकुइया मोक्ष धाम पहुँचेगी। श्री नागर चित्तौड़ा वैश्य महाजन समाज के अ.भा. अध्यक्ष राजेश महाजन, धर्मेंद्र गुप्ता, अग्रसेन सोशल ग्रुप के राजेश गर्ग, शिव जिंदल सहित अनेक स्नेहीजनों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं जताई हैं।

### आईआइटी इंदौर का 13 वां दीक्षांत समारोह 12 को

**इन्दौर।** एचसीएल के सह-संस्थापक पद्म भूषण डा. अजय चौधरी के मुख्य आतिथ्य तथा आइआइटी इंदौर के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. के. सिवन और निदेशक प्रो. सुहास एस. की अध्यक्षता में 12 जुलाई को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के आयोजित 13 वें दीक्षांत समारोह में 809 विद्यार्थियों जिनमें 131 पीएचडी, 339 बीटेक, 132 एमटेक, 25 एमएस (रिसर्च), 106 एमएससी, 75 एमएसडीएसएम तथा एक बीटेक और एमटेक के छात्र शामिल हैं को डिग्री प्रदान की जाएगी। समारोह में संस्थान की उत्कृष्टता को पहचान दिलाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को इस बार कुल छह स्वर्ण पदक दिए जाएंगे। जिनमें प्रतिष्ठित राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, बूटी फाउंडेशन स्वर्ण पदक, वीपीपी मेनन स्वर्ण पदक और संस्थान स्वर्ण पदक के साथ दो नए पुरस्कार अगम प्रसाद मेमोरियल स्वर्ण पदक और विभिन्न श्रेणियों में आठ रजत पदक और एक सर्वश्रेष्ठ बीटेक परियोजना पुरस्कार भी सम्मिलित हैं।

### अब केज कल्चर से होगा मत्स्य पालन

**इंदौर।** इंदौर के चोरल और यशवंत सागर तालाबों में अब अत्याधुनिक केज कल्चर (Cage Culture) तकनीक का उपयोग कर मत्स्य पालन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर रोजगार को बढ़ावा देने के लिए यह एक अभिनव पहल की जा रही है, जिसके लिए इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला पंचायत के सीईओ सिद्धार्थ जैन ने बताया कि केज कल्चर मत्स्य पालन की एक आधुनिक और कुशल पद्धति है, जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। इस पहल के तहत, जिले के मत्स्य पालकों को चोरल और यशवंत सागर तालाबों का जल क्षेत्र मत्स्य पालन के लिए दिया जाएगा। इच्छुक मत्स्य पालक अपना आवेदन मत्स्य पालन विभाग में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मत्स्य पालन विभाग के मछली फार्म, खंडवा रोड स्थित कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। इसमें आवेदक को स्वयं के खर्च पर केज का निर्माण करना होगा और मत्स्य पालन निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाएगा।

### 20 जुलाई को सावन मेला उत्सव

**इन्दौर।** सुहाग दशमी के अवसर पर मल्हारगंज मेन रोड स्थित श्री मोदीजी की नसिया में आगामी 20 जुलाई को सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफेयर सोसायटी एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता द्वारा सावन मेला उत्सव आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष प्रभा जैन एवं महासचिव जूली जैन ने बताया कि सुहाग दशमी पर महिलाओं द्वारा निर्जला उपवास रखा जाता है। इसके तहत उस दिन सुबह 11 बजे मेला से इस्तीफा मेले का आयोजन किया जा रहा है।

### संगीत संध्या नैनों में बदरा छाए, 13 को

**इन्दौर।** आगामी 13 जुलाई को स्थानीय जाल सभागृह, साउथ तुकोगंज में शाम 6-25 बजे से संस्था स्वरांगन द्वारा संगीतकार मदन मोहन को समर्पित एक भावभीनी संगीतमय संध्या नैनों में बदरा छाए का आयोजन किया जा रहा? है। मदन मोहन की अमर धुनों को समर्पित इस संध्या में उनकी बेमिसाल रचनाएं सपना केनरे सुनाएंगी उनके साथ सुरों और धुनों से योगेश विद्ये व दीपक देशपांडे होंगे।

## सम्पत्ति विवाद में भतीजों ने स्कूल में लगा दिया ताला, बच्चे होते रहे परेशान, पुलिस ने खुलवाएं




इन्दौर

रोजाना की तरह स्कूल बच्चे उस समय हैरान परेशान हो गए जब उनको उनके स्कूल पर ताला लगा मिला। मामला लोहा गेट स्थित अल-हिरा स्कूल का है। स्कूल संचालक याकूब मेनन के अनुसार 17 सालों से स्कूल उक्त किराए के भवन में संचालित कर रहे हैं। हमने ये भवन 2008 से भवन मालिक मेहरून बी से किराए पर ले रखा है और हर महीने मेहरून बी को चेक से किराया जमा कर रहे हैं। भवन मालिक का उनके भतीजे याकूब मुल्तानी और अय्यूब मुल्तानी के मध्य मालिकी हक का विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते उनके द्वारा हमसे मकान किराए की डिमांड की गई और कल रात 9.15 बजे याकूब मुल्तानी और अय्यूब मुल्तानी के साथियों ने आकर स्कूल भवन पर अपना ताला लगा दिया। याकूब मेनन ने कहा कि रात में पुलिस को सूचना दी तो उन्हें बुलाकर पुलिस ने सुबह स्कूल समय से पहले ताले खोलने के निर्देश दिए थे, मगर सुबह स्कूल में लगे ताले नहीं खुले। बच्चे स्कूल के बाहर बैग लेकर खड़े हो गए। इसके बाद फिर पुलिस ने मामले में हस्तक्षेप कर तकरीबन 9 बजे के बाद ताले खुलवाए।

## श्रावण मास में रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु जीआरपी का विशेष चेकिंग अभियान शुरू

**इन्दौर।** जीआरपी पुलिस द्वारा आगामी श्रावण मास में रेल यात्रियों की सुरक्षा हेतु विशेष चेकिंग अभियान मंगलवार से शुरू हुआ। जीआरपी पुलिस अधीक्षक संतोषकुमार कोरी ने बताया कि इंदौर के अलावा उज्जैन, रतलाम, नीमच, श्यामगढ़, मेघनगर, नागदा रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना टिकट के स्टेशन परिसर में घूमने वाले व्यक्तियों को भी पकड़ा गया। करीब ढाई सौ व्यक्तियों को चेक किया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## देवी अहिल्या संस्था की वरीयता सूची होगी जल्द अंतिम, कलेक्टर के सख्त निर्देश

### कलेक्टर जनसुनवाई में भू-माफियाओं पर सख्त, त्वरित समाधान पर जोर

इंदौर

कलेक्टर आशीष सिंह ने देवी अहिल्या श्रमिक कामगार गृह निर्माण सहकारी संस्था के सदस्यों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने संस्था की पात्रता सूची को तत्काल अंतिम रूप देने का निर्देश दिया है, जिससे हजारों सदस्यों को उनके आवास का अधिकार मिलने की उम्मीद है। सोमवार को जनसुनवाई में सदस्यों की शिकायत के बाद, कलेक्टर ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने का आदेश दिया। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भूमि और प्लॉट संबंधी बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुईं। कलेक्टर आशीष सिंह ने स्पष्ट किया कि इंदौर में भू-माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि अनियमितताएँ करने वालों और प्लॉट धारकों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जनसुनवाई के दौरान, कलेक्टर सिंह ने कई



मामलों में संबंधित अधिकारियों से सीधे फोन पर बात कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना और अनेक शिकायतों का हाथों-हाथ निराकरण भी किया। जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हो सका, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई ताकि उनका जल्द से जल्द निपटारा सुनिश्चित हो सके। जनसुनवाई में पहुंचे कुछ जरूरतमंदों को इलाज, शिक्षा एवं रोजगार सहायता भी प्रदान की गई।

## श्रावण मास में शिव पुराण कथा का आयोजन 11 से




इंदौर

इंदौर के अग्रवाल नगर, विज्ञान आश्रम से 11 जुलाई शुक्रवार से शिव महापुराणा कथा का आयोजन किया जा रहा है। अग्रवाल नगर धर्म परायण परिवार अग्रवाल नगर मार्निं एवं नाइट वॉक ग्रुप द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। कथा का आरंभ 11 जुलाई, शुक्रवार की दोपहर 3 बजकर 30 मिनट से होगा, जो शाम 6.30 बजे तक चलेगी। यह कथा पूरे 9 दिनों तक चलेगी और इसका समापन 19 जुलाई को होगा। श्रावण मास के अवसर पर आयोजित होने वाली इस कथा में पंडित श्री भुवनेशचन्द्रजी त्रिवेदी के मुखारविन्द से ज्ञान की गंगा बहेगी। आयोजनकर्ताओं ने बड़ी संख्या में लोगों से आने की प्रार्थना की हैं।

## कांटाफोड़ शिव मंदिर से 90 भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन को रवाना, रेलवे स्टेशन गूंजा जयघोष से

### बालटाल एवं पंचतरणी में चल रही 24 घंटे लंगर सेवा में परोसेंगे मालवा के व्यंजन

इंदौर

इंदौर के नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर से जुड़े 90 श्रद्धालु मंगलवार दोपहर बाबा बर्फानी के दर्शन और अमरनाथ यात्रा मार्ग पर लंगर सेवा में सहयोग के लिए मालवा एक्सप्रेस से रवाना हुए। रेलवे स्टेशन परिसर बाबा बर्फानी के जयघोष से गूंज उठा। विधायक गोलू शुक्ला ने सभी श्रद्धालुओं को विदाई दी। श्रद्धालु अपने साथ 10 किलो वजनी एक त्रिशूल भी ले गए हैं, जिसकी स्थापना गुफा स्थल पर की जाएगी। यह परंपरा 2006 से चली आ रही है। इस बार जत्थे के साथ मंदिर के 6 सेवादार भी गए हैं, जो गुफा के अंदर फूलों का श्रृंगार करेंगे



और रात्रिकालीन संकीर्तन में शामिल होंगे। लंगर स्थल पर इंदौर और मालवांचल के भक्तों के लिए रात्रि विश्राम और सेवाएं देने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सुशील प्रजापति और आनंद शर्मा की देखरेख में आज रवाना हुए श्रद्धालुओं का यह जत्था 17 जुलाई को इंदौर लौट आएगा।

### पहली बार मिली सीधी अनुमति, 24 घंटे चलेगी लंगर सेवा

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग और संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा पहली बार मंदिर को लंगर सेवा के लिए सीधी अनुमति मिली है। इसके तहत, पंचतरणी और बालटाल में खन्ना (पंजाब) के श्री बर्फानी सेवा दल के साथ 1 जुलाई से ही भव्य लंगर सेवा शुरू हो गई है इंदौर के व्यापारियों और जनभागीदारी से बड़ी मात्रा में अनाज, खाद्य सामग्री और राशन दो ट्रकों में भरकर भेजे जा चुके हैं। लंगर में मालवा क्षेत्र के करीब एक दर्जन रसोइए भी अपनी सेवाएं देंगे।

## एक नाबालिग सहित तीन मोबाइल चोर पकड़ाए दो मोबाइल जब्त

इन्दौर।

जीआरपी द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान में इंदौर रेलवे स्टेशन से तीन मोबाइल चोरों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने रेलवे स्टेशन के यात्री प्रतीक्षालय से मोबाइल चुराने की घटना कबूल की। इनसे दो मोबाइल भी जब्त किए गए। ये मोबाइल करीब तीन माह पूर्व उन्होंने चुराए थे। पकड़े गए मोबाइल चोरों के नाम है यशवंत पिता कैलाश निवासी गुना, हरीश निवासी खाचरौद तथा एक अन्य नाबालिग है।

## महिलाओं की 5 प्रमुख बीमारियों का समाधान अब योग से..!



इंदौर

महिलाओं में बढ़ती मधुमेह, मोटापा, थायराइड, रक्तचाप और बढ़ती उम्र में घुटनों की समस्याओं से निपटने के लिए बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन ने एक नई पहल की है। फाउंडेशन की ट्रस्टी वंशिका तपन अग्रवाल ने मंगलवार को घोषणा की कि उनके योग केंद्रों पर जल्द ही विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहाँ योग्य प्रशिक्षक योग के माध्यम से इन पांच प्रमुख बीमारियों के समाधान के सूत्र सिखाएंगे।

वंशिका अग्रवाल ने गोयल नगर स्थित ईश कृपा गार्डन में चल रहे शिविर में यह संकल्प व्यक्त किया। साधकों ने भी योग से मिले अपने लाभ साझा किए। आशा जैन ने महिलाओं में आम इन पांच बीमारियों की जानकारी दी, जिसके बाद वंशिका अग्रवाल ने इन पर केंद्रित योग शिविरों के आयोजन की बात कही। शिविर संयोजक किशोर गोयल, प्रवीण मिश्रा, योग प्रशिक्षक पिंकी और गायत्री पानेरी, राजेश बंसल ने उनका स्वागत किया।वर्तमान में, फाउंडेशन शहर में 18 स्थानों पर योग केंद्र चला रहा है, जिनमें से 12 पुरुषों के लिए और 8 विशेष रूप से महिलाओं के लिए हैं। अब इन महिलाओं के लिए समर्पित केंद्रों में से 6 पर विशेष रूप से इन बीमारियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### गीता भवन में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में मना रुक्मणी विवाह

## वेलेंटाइन डे, लिव-इन जैसी अवधारणाएं भारतीय संस्कृति के विरुद्ध : स्वामी प्रणवानंद सरस्वती

इंदौर

गीता भवन में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन, श्रीधाम वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज और सनातन संस्कृति विवाह जैसी पवित्र परंपरा पर निर्भर है, जबकि वेलेंटाइन डे और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे शब्द हमारी परंपराओं के अनुरूप नहीं हैं और न ही इनमें कोई



गरिमा है। डाइवोर्स और तलाक भी भारतीय शब्द नहीं हैं। स्वामी प्रणवानंद सरस्वती ने जोर दिया कि विवाह हमारी सनातन संस्कृति का संयमित, मर्यादित और सम्मानजनक पुरुषार्थ है। उन्होंने बताया कि स्वयंवर भारतीय परंपरा है और हिंदू सनातन धर्म में विवाह एक ही बार होता है, बार-बार नहीं। विवाह के बाद पति-पत्नी एक-दूसरे के अर्धांग बन जाते हैं, यानी वे दो नहीं, एकाकार हो जाते हैं। पाश्चात्य संस्कृति के विपरीत, भारतीय समाज में विवाह को सात जन्मों का बंधन माना जाता है। उन्होंने तप और त्याग का मार्ग अपनाया और घोर अंगिरस नाम के सिद्ध योगी के मार्गदर्शन में बद्रीनाथ जाकर 12 वर्ष तक तपस्या की, जिसके बाद उन्हें भगवान शिवजी के दर्शन हुए। उनका संदेश है कि जो प्रेम का हाथ बढ़ाता है,

### रुक्मणी पक्ष के मेहमानों ने उनका भव्य स्वागत किया

कथा के दौरान कृष्ण-रुक्मणी विवाह का उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। भगवान कृष्ण की बरात आने पर रुक्मणी पक्ष के मेहमानों ने उनका भव्य स्वागत किया। बधाई गीत गूंजे और भक्तों ने नाच-गाकर अपनी खुशी जाहिर की। कथा शुरू होने से पहले समाजसेवी सुरेश-मृदुला शाहरा सहित गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन और अन्य पदाधिकारियों ने व्यासपीठ का पूजन किया। आज (बुधवार, 9 जुलाई) गीता भवन में सुदामा चरित्र प्रसंग और भागवत पूजन के साथ इस ज्ञान यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इसके अतिरिक्त, गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सुबह 10:30 बजे गीता भवन ट्रस्ट की ओर से गुरु पाद पूजा का आयोजन होगा, और 11 जुलाई से गीता भवन में चातुर्मास का भी शुभारंभ हो जाएगा।

# अरपा तीरे पेड़ लगाना पुनीत कार्य - डॉ सोमनाथ यादव

**बिलासपुर**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के आव्हान पर पूरे प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। प्रसन्नता है कि बिलासपुर में भी मां अरपा नदी के तीरे स्काउट्स, गाइड्स द्वारा वृक्षारोपण का पुनीत कार्य किया गया। उक्त उदगार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने मुख्य अतिथि के आसंदी से व्यक्त की। डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि जिला संघ बिलासपुर द्वारा वृक्षारोपण समारोह को मां अरपा नदी के किनारे करना निहायत जरुरी था, आज नदी सुख रही है इसलिए नदी ,तालाबों के किनारों में वृक्षारोपण करना और बड़ा होने तक सुरक्षित रखना दोनों कार्य




जरूरी है इससे एक ओर नदी, तालाबों में जल भरा रहेगा और छाया, फल के साथ ही वातावरण भी प्रदूषण मुक्त होगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला मुख्य आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश बाजपेई और विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स आज प्रण करे कि अपने जन्म दिन पर एक पेड़ लगाए और उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखे। विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य डॉ प्रफुल्ल शर्मा, बिलासा कला मंच के अध्यक्ष श्री महेश श्रीवास, डॉ सुधाकर बिबे, डा भगवती प्रसाद चंद्रा,चंद्रप्रदीप बाजपेई, मनीष गुप्ता,दिनेश्वर जाधव, एम डी मानिकपुरी, विनोद गुप्ता, देवानंद दुबे, विजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, मंजू यादव, गायत्री तिवारी नवनीत कौशिक आदि ने भी स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा किए गए सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की।

राम सेतु और इंदिरा सेतु के मध्य अरपा नदी किनारे वृक्षारोपण समारोह में जिला संघ बिलासपुर के जिला सचिव लता यादव, माधुरी यादव, बीना यादव, संतोष त्रिपाठी, महेंद्र बाबू टंडन, डॉ. प्रदीप कुमार निर्णेजक, शत्रुहन सूर्यवंशी, नवीन यादव, अनिल सोनवानी, शमिता शर्मा, किरण बाला पांडे, डॉ. भारती दुबे, रश्मि तिवारी,डॉ.पूनम सिंह, बिलासा कला मंच के पदाधिकारीगण, विभिन्न स्कूलों के स्काउटर, गाइडर, रोवर लीडर, रेंजर रीडर के साथ भारी संख्या में स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल हुए।

# सफलता की कहानी : ईंट-गारे के सहारे लखपति दीदी बनने की राह पर बैगा महिलाएं

## रानी मिस्त्री का ले रही प्रशिक्षण, बिहान योजना ने दिलाई नई पहचान

**बिलासपुर**

कोटा विकासखंड के ग्राम करई कछार में स्व सहायता समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की जा रही है जिसके तहत बैगा, बिरहोर जनजातीय समुदाय सहित 35 महिलाओं को रानी मिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं साधारण घरेलू महिला है। जिन्हें विशेष पहल के तहत गांव में ही रानी मिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर यह महिलाएं आत्मनिर्भरता के लिए अपनी राह बना रही है। महिलाओं ने गांव में ही प्रशिक्षण मिलने पर खुशी जताई और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। पीव्हीटीजी यानी विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए शासन द्वारा अनेक योजनाएं चलायी जा रही है। इसी क्रम में दूरस्थ गांव में रहने वाले बैगा, बिरहोर परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की बिहान योजना से जुड़ी इन महिलाओं को जिला पंचायत द्वारा नया प्रयोग करते हुए रानी मिस्त्री के प्रशिक्षण की व्यवस्था गांव में ही की गई है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को पीएम आवास योजना के तहत बनाये जा रहे मकान में प्रशिक्षण देने की शुरूआत की गई है ताकि उन्हें फील्ड पर ही कार्य का बेहतर अनुभव मिल सके। पीव्हीटीजी एक ऐसा समुदाय जिनकी आजीविका मुख्य रूप से मजदूरी या जंगल पर आधारित रही है। इनका जीवन संघर्षों से भरा होता है और इन्हें आय का कोई स्थायी साधन नहीं मिलता। इन



परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को लखपति दीदी योजना से भी जोड़ा जा रहा है ताकि इन समुदायों की आजीविका में वृद्धि हो सके। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही श्रीमती तुलसी बैगा ने बताया कि यहां प्रशिक्षकों द्वारा उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान दिया जा रहा है बल्कि कार्य के लिए मानसिक रूप से भी तैयार किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के तहत हमे फील्ड पर जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनवाने का प्रायोगिक अभ्यास भी कराया गया। जिसमें ईंट जोड़ने से लेकर, माप-नाप, लेवलिंग, प्लास्टर, छज्जा बनाने तक के सारे पहलुओं को सिखाया गया। तुलसी कहती हैं कि इस काम को सीखने के बाद उनकी कमाई बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले भर में हजारों स्वीकृत आवास का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह करहीकछार की सिया बाई बैगा ने कहा कि गांव में ही प्रशिक्षण मिलने से उनकी बड़ी समस्या का समाधान हो गया। सिया बाई कहती है कि बिहान योजना से जुड़कर बैगा-बिरहोर परिवार की महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आ रहा है। अब महिलाएं अपने पारम्परिक कामों से इतर अन्य काम करके भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार को सहयोग दे पा रही है। सिया बाई ने उम्मीद जताई कि रानी मिस्त्री का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्हें आवास निर्माण का काम मिलना शुरू हो जाएगा क्योंकि वर्तमान में पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण बड़ी संख्या में हो रहे हैं जिसमें कुशल मिस्त्रियों की आवश्यकता होगी। प्रशिक्षण के बाद उनकी अच्छी कमाई हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को समूह के माध्यम से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की जाती है। महिलाओं के निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ ही उन्हें विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाता है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनने के साथ ही लखपति दीदी बन सकें।

# मनेंद्रगढ़ में बिजली व्यवस्था ने छोड़ी साँस, ट्रांसफार्मर बने बम हर रोज़ की 'दीवाली' से जनता त्रस्त

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

मनेंद्रगढ़, एमसीबी जिला ङ्क सावन का महीना भले ही हरियाली और शांति का प्रतीक हो, लेकिन एमसीबी जिले के मुख्यालय मनेंद्रगढ़ में इन दिनों बिजली की आवाजाही और ट्रांसफार्मरों की आतिशबाजी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। शहरवासी बार-बार हो रही बिजली कटौती और ट्रांसफार्मर फटने की घटनाओं से बुरी तरह परेशान हैं।



### आमाखेरवा सब स्टेशन से लेकर शहर के ट्रांसफार्मरों तक धधकती चिंगारियां

बिजली विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि कभी आमाखेरवा के सब स्टेशन में धमाका होता है, तो कभी शहर की गलियों में ट्रांसफार्मर से निकलती चिंगारियाँ दिवाली का भ्रम पैदा करती हैं। बीते कुछ दिनों में कई बार 11 केवी के तार टूट कर लटकते देखे गए, गनीमत रही कि राहगीर उनकी चपेट में नहीं आए, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

### मेंटेनेस के नाम पर खानापूर्ति, घटिया सामग्री का उपयोग

विद्युत विभाग द्वारा किए जाने वाले मेंटेनेस कार्यों की सच्चाई अब शहरवासी भली-भांति समझ चुके हैं। मेंटेनेस सिर्फ कागजों में होता है, जबकि हकीकत में घटिया किस्म के तार और उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर के नीचे लगे फ्यूज बॉक्स या तो लटक रहे हैं या इतने नीचे लगे हैं कि हादसे को न्योता दे रहे हैं।

### स्ट्रीट लाइटों के पोल भी बन रहे खतरा

शहर के कई वार्डों में लगाए गए स्ट्रीट लाइटों के टाइमर बॉक्स वाले पोलों पर लगे केबल तार बुरी तरह कट-फट चुके हैं और बहुत नीचे लटक रहे हैं। इन तारों की चपेट में आने से बच्चों और आवारा पशुओं की जान को भी खतरा है।

### नियमित लाइनमैन बने बाबू, ठेकेदारों के भरोसे बिजली व्यवस्था

स्थिति को और भी चिंताजनक बना रही है विभागीय प्रबंधन की लचर व्यवस्था। स्थायी लाइनमैनों को ऑफिसों में बाबू बनाकर बैठा दिया गया है, जबकि शहर की विद्युत व्यवस्था को अनट्रेंड प्राइवेट ठेकेदारों के भरोसे छोड़ दिया गया है। इसका नतीजा है कि ना समय पर सुधार कार्य हो पाता है, ना ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं।

### जनता की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं विद्युत विभाग

पूरे शहर में जहां-तहां लटकते तार, फटते ट्रांसफार्मर, और बार-बार की बिजली कटौती इस बात की गवाही देते हैं कि विद्युत विभाग जनहित और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह असंवेदनशील हो चुका है। यदि जल्द ही विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल यह है कि क्या एमसीबी प्रशासन और विद्युत विभाग नींद से जागेंगे या फिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदारी तय की जाएगी? शहरवासियों ने इस विषय में कलेक्टर से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

### बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम और अधिकारियों का नंबर जारी

सारंगढ़ बिलाईगढ़, कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने मानसून और महानदी में बढ़ते हुए जलभराव से संभावित बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में जिला मुख्यालय में बाढ़।

# कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने बारिश मौसम में स्कूल, छात्रावास, अस्पताल एवं आंगनबाड़ी का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने समय सीमा की बैठक में बारिश मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर के सभी अधिकारियों व एसडीएम को स्कूल, कॉलेज, आश्रम, छात्रावास, अस्पताल एवं आंगनबाड़ियों का जब भी फील्ड जाए तो नियमित निरीक्षण कर वहां शिक्षकों, बच्चों की नियमित उपस्थिति हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने स्कूलों में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र का स्कूलवार जानकारी लेकर उसे अभियान चलाकर बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में सतत् निगरानी करने तथा अतिवृष्टि में मकान क्षति या किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर प्राकृतिक आपदा जैसे मकान ढहना, दीवार क्षति, सर्प, बिच्छू काटने, आकाशीय बिजली से मौत आदि के प्रकरणों का पटवारी को प्रतिदिन रिपोर्ट अपने तहसीलदार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी रोशन सचदेव को शेष बचे हितग्राहियों का शिविर लगाकर आयुष्मान एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

### भारी बारिश के दौरान अलर्ट मोड

कलेक्टर डॉ. संजय ने सभी विभागीय अधिकारियों को अतिवृष्टि, बाढ़, आपदा और मौसमी बीमारी को लेकर अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में बाढ़ आपदा, जल भराव वाले स्थलों का चिन्हांकन कर वहां आवश्यक व्यवस्था करें। सभी सीएमओ अपने नगरीय क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम बनाकर कोई हेल्पलाइन नंबर जारी करें। शहरी क्षेत्रों के रिहायशी इलाकों में पानी भराव की स्थिति पर तत्काल संयुक्त टीम गठित कर समस्या का समाधान किया जाए। नेशनल हाईवे, पीडब्ल्यूडी और नगरपालिका अपने क्षेत्र के सड़क के गडढों का मरम्मत प्राथमिकता से करें। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों और अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स आदि की उपस्थिति के साथ मौसमी बीमारियों की दवाईयां, जांच उपकरण स्टॉक में हो। महानदी सहित पुल-पुलियों में जल भराव की स्थिति का नियमित आंकलन जल संसाधन विभाग करें। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों के कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका सत्यापन कराकर पंचायतों को सौंपा जाए

# आप पार्टी ने मनेन्द्रगढ़ नगरपालिका परिषद से उप अभियंता पवन साहू को हटाने की मांग

## जनदर्शन में एमसीबी कलेक्टर को सौंपा शिकायत पत्र

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

एमसीबी/मनेंद्रगढ़– आम आदमी पार्टी जिला एमसीबी द्वारा जिले के कलेक्टर को उनके जन दर्शन में मनेंद्रगढ़ नगरपालिका परिषद में उप अभियंता के पद पर पदस्थ पवन साहू को हटाने के लिए शिकायत पत्र दिया। जिसमे बताया गया कि पवन साहू जो कि साल 2018-19 से मनेंद्रगढ़ नगर पालिका में पदस्थ हैं जो की नियम विरुद्ध है, नियम के खिलाफ जाकर भी पद पर निरंतर बने हुए है। इस विषय पर आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा ने बताया कि, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका परिषद में बीते पांच साल जम के भ्रष्टाचार हुआ और सत्ता बदलने के बाद भी स्थिति वैसी ही है, नगरपालिका मनेंद्रगढ़ में हो रहे इस लूट में वहाँ पदस्थ उप अभियंता पवन साहू की की मुख्य भूमिका है चाहे पूर्व में बिना विज्ञप्ति करोड़ों का टेंडर निकालना हो, या अभी वार्ड क्रमांक 19 में बन रहा रिटनिंग वाल हो, चाहे गैस पाइप लाइन



का काम हो, चाहे उल्टा सीधा नाली निर्माण और चेकर टाइल्स लगाने का काम हो, हर काम में साहू जी का मोटी कमीशन सेट है। रमाशंकर मिश्रा ने आगे कहा की आखिर क्या कारण है कि पवन साहू नियम विरुद्ध एक ही जगह तीन साल से भी ज्यादा समय से पदस्थ हैं? आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि, इसके साथ ही पवन साहू राजनैतिक प्रभाव व अपने पद का दुरूपयोग करते हुए, विशेष ठेकेदारों के आदेश पर उनको लाभ पहुंचाने के लिए कमीशन के आधार पर कार्य आबंटित करते हैं। जो की न्याय संगत व व्यवहारिक नहीं है तथा ये सरासर पद का दुरपयोग की श्रेणी में आता है।

नगरपालिका मनेंद्रगढ़ में पदस्थ उप अभियंता पवन साहू पर जल्द से जल्द उचित कार्यवाही ना होने ही दशा में व अन्यत्र कहीं ट्रान्सफर ना किए जाने पर आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर पाबंदी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें सरंक्षण देने और बारिश में आम जन के द्वारा मछली पकड़ने कार्य में रोकथाम हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदी मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा-2 (दो) के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया है। जिले के मछली पालन विभाग के प्रभारी अधिकारी एन पी ओगरे ने आम जनता को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नही है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधन के जलाशय, नदी आदि में 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम- 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10000/- रूपये का जुर्माना अथवा दोनो एक साथ होने का प्रावधान है।

# छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों से एमसीबी जिले को मिली बड़ी सौगात

## 185 करोड़ की पेयजल परियोजना से, चिरमिरी में पेयजल संकट होगा समाप्त। मनेन्द्रगढ़ को मिली सेंट्रल लाइब्रेरी की सौगात,441 लाख की लागत से होगा निर्माण

**फ़तवा समाचार भूपेंद्र सिंह गंभीर**

एमसीबी/चिरमिरी– चिरमिरीवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के अथक प्रयासों से चिरमिरी क्षेत्र को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से निजात मिलने जा रही है।

अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य शासन ने चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र में पेयजल परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे सैकड़ों परिवारों के लिए राहत लेकर आएगी। पानी की अनियमित आपूर्ति और गंदे पानी की समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों को अब नियमित और स्वच्छ जल मिल सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री और शहरी प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



यह परियोजना चिरमिरी क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जल्द ही चिरमिरी की धरती पर बहता साफ़ और शुद्ध जल न केवल स्वास्थ्य लाभ देगा बल्कि नागरिकों का जीवन स्तर भी ऊँचा उठाएगा।

### सेंट्रल लाइब्रेरी का 441 लाख की लागत से होगा निर्माण

वही स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के सतत प्रयासों से एमसीबी जिले को दूसरी बड़ी सौगात मिली है। जिसमे राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर क्षेत्र में सेंट्रल लाइब्रेरी सहित रीडिंग ज़ोन के निर्माण के लिए 441.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना के तहत नगर पालिका निगम चिरमिरी में 250 सीटों की क्षमता वाली आधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा पुस्तक प्रेमियों को बेहतर अध्ययन सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी न केवल युवाओं के करियर निर्माण में सहायक होगी, बल्कि ज्ञान आधारित समाज की दिशा में भी एक मजबूत कदम साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस लाइब्रेरी में आधुनिक सुविधाएं, डिजिटल अध्ययन सामग्री और शांत रीडिंग ज़ोन की व्यवस्था की जाएगी। यह विकास कार्य क्षेत्रीय समानता और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। स्थानीय नागरिकों एवं विद्यार्थियों में इस घोषणा को लेकर खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्षों बाद किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लिया है।

छत्तीसगढ़ क्षेत्र के लिए संपर्क करें पेपर, विज्ञापन, समाचार ,एजेंसी हेतु संपर्क करें आपके अपने क्षेत्र के लिए



धर्मेंद्र वस्त्रकार
स्थानीय संपादक कार्यालय बिलासपुर

## न्यूज ब्रीफ

### स्कॉर्पियो पलटने के हादसे में तीसरे लड़के की भी मौत

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना इलाके में स्थित एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटने से घायल 17 साल के नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में घायल एक युवक और एक नाबालिग की हादसे वाले दिन ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार घायल जोएब अंसारी (17) हादसे के बाद से चिरायु अस्पताल में भर्ती था। उसके शरीर में कई गंभीर चोटे आई थी। इलाज के दौरान सोमवार दोपहर को उसकी मौत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो सवार तीनों की मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निवासी दानिश पुत्र जहीर खान (17) अपने दो दोस्त हनी अली (26) और जोएब अंसारी (17) के साथ परवलिया रोड पर एक ढाबे पर गया था। लौटते समय गुलमोहर गार्डन के पास उसकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। इसी दौरान कार सामने से आ रहे लोडिंग ऑटो से भी टकरा गई थी।

### अमित हत्याकांड में एसीपी और 2 टीआई रडार पर

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के अमित वर्मा हत्याकांड ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठा दिए कुख्यात बदमाश नसीम बन्ने खां और उसके साथियों द्वारा की गई इस हत्या के बाद पुलिस की निगरानी और सक्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले दो एसीपी और दो थाना प्रभारियों की जांच शुरू हो गई है। जांच का जिम्मा जोन-3 के डीसीपी रियाज इकबाल को सौंपा गया है। जानकारी के अनुसार, नसीम बन्ने खां पर 34 आपराधिक मामले दर्ज होने के बावजूद उसकी निगरानी में लापरवाही बरती गई। बताया जा रहा है, कि हत्याकांड से पहले बदमाश नसीम बन्ने खां ने 28 जून की रात वीआईपी रोड पर तलवार लहराते हुए दहशत फैलाई थी। इसके बाद मदर इंडिया कॉलोनी, शाहजहांनाबाद में तलवार लहराकर अपनी प्रेमिका के घर हंगामा मचाया था। इन दोनों घटनाओं की शिकायत पुलिस को मिली थी, लेकिन त्वरित को कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते अमित वर्मा ने बाद में हत्या जैसी सनसनीखेज वारदात को अंजाम दे दिया। उसकी निगरानी नहीं हुई। जेल से छूटने के बाद बाउंडओवर तोड़ा और तलवार लेकर घूमता रहा। बता दें कि 28-29 जून की रात छोला मंदिर थाना क्षेत्र की लीलाधर कॉलोनी में नसीम बन्ने खां ने अपने साथियों के साथ मिलकर 22 वर्षीय अमित वर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### सीईओ जिला पंचायत ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 141 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, प्रकाश नायक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने की समीक्षा




**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद भोपाल के पालिका भवन स्थित संचालनालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर निर्वतमान अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव दुबे ने इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर 11 जुलाई को होने वाले एमपी ग्रोथ कॉन्क्लेव की तैयारियों की जानकारी ली। प्रदेश के शहरी क्षेत्र के विकास में यह कॉन्क्लेव बहुत महत्वपूर्ण है। आयुक्त नगरीय प्रशासन संकेत भोंडवे ने विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव दुबे ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। योजनाओं में प्रगति लाने के लिये प्रत्येक सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## डैम में डूबता रहा युवक, दोस्त मजाक समझ कर बनाते रहे वीडियो

**- फ्रांस से पढ़कर आया युवक, फॉरेन कंपनी के लिये कर रहा था वर्क फ्रॉम होम**
**- पिता जियोलॉजीकल साइंटिस्ट के पद से हुए है रिटायर**

भोपाल

राजधानी भोपाल के कलियासोत डैम में दोस्तों के साथ नहाने गये युवक की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब युवक अपने दोस्तों के साथ डैम पर नहाने गया था। बताया जा रहा है, युवक को तैरना आता था, लेकिन नहाते समय अचानक गहरे पानी में जाने से वह घबरा गया गया और डूबने लगा। हैरानी वाली बात यह है की उसके साथ मौजूद दोस्तो को लगा की वह मजाक कर रहा है, और दोस्तों ने इस घटना का लाइव वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में युवक पानी में डूबता नजर आ रहा है। युवक के पानी में समाने के बाद घबराए दोस्तों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रातीबड़ पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की टीम की मदद से युवक के शव को डैम से बाहर निकाला। युवक की पहचान विशाल नारायण नायडू के रूप मे हुई है। बताया गया है की विशाल फ्रांस से पढ़कर आया था, और एक फॉरेन कंपनी के लिये वर्क फ्रॉम होम करता था। उसके पिता जियोलॉजीकल साइंटिस्ट के पद से रिटायर हुए हैं, वहीं उसकी एक बहन दुबई में रहती है। वह अक्सर ही देर शाम अपने दोस्तों के साथ डेम पर शराब पार्टी करने जाता रहता था। मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच करते हुए उसके दोस्तों से पूछताछ कर रही है।



## शिक्षकों की समस्याओं का प्राथमिकता पूर्वक कराया जायेगा निराकरण

कटनी।

गत दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित शिक्षा समस्या निवारण शिविर में, शिविर का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी- कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता कुंवर मार्तण्ड सिंह राजपूत ने बताया कि उनके विभाग में कार्यरत शिक्षक हितेषी विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री धनश्री जैन अपने विकासखंड के समस्याग्रस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्यायों के निराकरण के प्रति वेहद संवेदनशील नजर आयीं . उन्होंने शिविर में उपस्थित हुए सभी जरूरतमंद शिक्षकों को मौके पर ही विश्वास दिलायीं कि उनकी हर छोटी-बड़ी समस्याओं के निराकरण समय -सीमा में करने हेतु वे निरंतर सक्रिय रहती हैं.शिविर में सेवा निवृत्त हो रहे शिक्षकों के पेंशन प्रकरण से लेकर,अन्य सभी शिक्षकों के आर्थिक हित



से जुड़े वे सभी भुगतान जो विगत काफ़ी दिनों से टेक्निकल या किसी और कारणों के चलते उनके कार्यालय में लंबित हैं. उन्हें वे व्यक्तिगत रूचि लेकर सन्बंधित शिक्षकों के हित में भुगतान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का कार्य में तेजी लायेंगी.शिक्षकों की लन्बित अनुकम्पा नियुक्ति की फाइल को वरिष्ठ कार्यालय भेजकर संबंधित प्रकरण में यथा शीघ्र राहत प्रदान कराने की उम्मीद जगाते हुए, उन्होंने भुगतभोगी परिवार को वगैर विलंब किये, उनका हक उन्हें दिलाने मेंअपनी तरफ से पूरा पूरा सहयोग करने की बचनबद्धता दर्शायीं. शिक्षकों के क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान और बकाया एरियर्स का समय पर भुगतान न होने से शिक्षकों में व्याप्त असंतोष को निर्मूल करने की दिशा में वे लगकर काम करने का मन बनाते हुए, अपने कार्यालय से लंबित प्रकरणो को समूल समाप्त करने की इच्छा शक्ति जाग्रत कीं . क्रमोंन्नति और पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों से गोपनीय चरित्रावली तैयार करने और उस पर सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षर कराकर उसे यथा शीघ्र कार्यालय में जमा करने का उनके द्वारा पात्र शिक्षकों को निर्देश दिया गया.शिक्षकों और विशेष कर सेवा निवृत्त शिक्षकों के भविष्य निधि खाता में गड़बड़ी और गुमसुदा कटौतीयों में सुधार करवाने हेतु वे ए.जी.एम.पी. ग्वालियर से शिक्षकों के पक्ष में कार्यालीन पत्र व्योहार कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने में विशेष सहयोग करने की ओर अपनी स्वस्थ्य मानसिकता कापरिचय दिया गया ।

# एमसीयू में साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएंः मुख्यमंत्री

**एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ होंगे, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय महापरिषद की बैठक में दिए निर्देश**

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार साइबर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर केंद्रित पाठ्यक्रम आरंभ किए जाएं साथ ही विश्वविद्यालय, मीडिया के क्षेत्र में एडवांस्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के रूप में अपनी पहचान बनाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के संप्रेषण और उनकी प्रभावशीलता के सर्वेक्षण संबंधी गतिविधियां भी विश्वविद्यालय में आरंभ करने की आवश्यकता बताई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में विश्वविद्यालय की महापरिषद की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, इंदौर सांसद श्री शंकर लालवानी, विश्वविद्यालय के कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित महापरिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।



### पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के रीवा और खंडवा परिसरों में रोजगार परक पाठ्यक्रम संचालित करने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आरंभ करने को स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति के बाद एम.ए. (जर्नलिज्म एंड क्रिएटिव एंड राइटिंग), एम.ए. (मास कम्युनिकेशन), एम.ए. (एडवरटाइजिंग एंड पब्लिक रिलेशंस), एम.एससी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया) और एम.एसी.ए. के एक वर्षीय पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाएंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के पी.एचडी. अधिनियम को यू.जी.सी. पीएचडी अधिनियम 2022 के अनुसार अद्यतन कर इस आधार पर पी. एचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ करने की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा परिसर के सभागार का नाम लाल बलदेव सिंह सभागार रखने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

महापरिषद ने वित्त विभाग के 14 अगस्त 2023 के आदेश अनुसार चतुर्थ समयमान उच्चतर वेतन मान को विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया। विश्वविद्यालय में फेस डिटेक्शन मशीन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था पर भी सहमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के नवीन मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग विषय का व्यवसायिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रिंटिंग प्रेस व लैब तथा पैकेजिंग लैब की स्थापना का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। बैठक में अन्य कार्यालयीन तथा प्रबंधकीय विषयों पर भी निर्णय लिए गए।

## किशोरी से पड़ोस में रहने वाले विवाहित ने किया दुष्कर्म

**भोपाल।** बैरसिया थाना इलाके में 15 साल की किशोरी के साथ उसके पड़ोस में रहने वाला शादीशुदा युवक एक महीने से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल में पढ़ने वाली 15 साल की किशोरी ग्राम उमारिया में रहती है। उसके पड़ोस में रहने वाला विवाहित प्रदीप जाट अपने परिवार के साथ रहता है, उसका एक बच्चा भी है। पड़ोस में रहने के चलते दोनो परिवारो के बीच खासे संबध थे, और उनका एक दूसरे के घर आना जाना भी था। आरोप है कि करीब एक महीने पहले किशोरी किसी काम से उसके घर गई थी। उस समय प्रदीप घर पर अकेला था। सूनेपन का फायदा उठाकर उसने किशोरी को भीतर बुलाया और कमरा बंद कर उसे बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बाद में घटना की शिकायत करने पर मारने की धमकी देकर उसने पीड़िता को छोड़ दिया।

## लिव इन पार्टनर ने घर में घुसकर किया महिला से दुष्कर्म



भोपाल

कोलार थाना इलाके में महिला ने अपने लिव इन पार्टनर पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है, कि वह आरोपी के साथ लिव इन रिलेशन में रहती थी। जब वह उसे प्रताड़ित करने लगा तब वह उससे अलग रहने लगी। इसके बाद भी आरोपी उसके घर पहुंचा और जर्बदस्ती कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 32 साल की महिला ने बताया की वह घरों में साफ सफाई का काम करती है। आरोपी सनमान सिंह पाल से उसका परिचय था। बाद में दोनों लिव इन रिलेशन में साथ रहते थे। लिव इन रिलेशन में रहने का उन्होंने शपथ पत्र भी बनवाया था। बाद में दोनों के बीच अनबन होने लगी और एक अन्य शपथ पत्र अलग अलग रहने का बना लिया। इसके बाद भी रविवार को सनमान सिंह पाल उसके घर पहुंचा और उससे मारपीट करते हुए जबरन शारीरिक संबंध बना डाले। परेशान पीड़िता थाने जा पहुंची उसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## स्ट्रीट डॉग को पीट-पीटकर मार डालने वाले दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज

भोपाल

निशातपुरा पुलिस ने स्ट्रीट डॉग को बेरहमी से पीट-पीटकर मार डालने वाले दंपती पर पशु क्रूरता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। यह मामला पशु प्रेमी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कविता भावनानी पति दौलतराम भावनानी (40) राजीव गांधी नगर पिपलानी में रहती हैं, और आवारा मवेशियों लिए काम करती है। बीती 3 जुलाई को उन्हें परिचित महेश ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्ट्रीट डॉग को लोहे की राड से बेरहमी से मारा गया है। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची तो स्ट्रीट डॉग मर चुका था। उन्होंने कार में डॉग को रखा और पीएम के लिए पशु चिकित्सालय लेकर पहुंची।

## बारिश से बचने छत के नीचे खड़े युवक की दीवार गिरने से मौत, निर्माणधीन मकान की छत से गिरे व्यक्ति की भी गई जान

भोपाल

नजीराबाद इलाके में जहां बरसात से बचने के लिए छत के नीचे खड़े युवक पर ईंट की दीवार गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर गुनगा में एक निर्माणधीन मकान की छत से गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कोलूखेड़ी में रहने वाला 28 वर्षीय ब्रजेश कलावत मेहनत-मजदूरी का काम करता था। बीती रात वह बारिश से बचने के लिए पड़ोसी के घर के नीचे खड़ा हो गया। उसी दौरान अचानक ईंट की दीवार भरभराकर उस पर गिर गई। हादसे मे उसके सिर में गंभीर चोट आने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर गुनगा पुलिस ने बताया कि 28 वर्षीय तोरण सिंह कुशवाहा ग्राम धमर्रा में रहता था। बीती शाम करीब पांच बजे वह पड़ोसी की निर्माणधीन मकान की छत पर चला गया था। वहां कोई बाउंड्रीवाल नहीं थी, बताया गया है की वह शराब के नशे में था। इसी दौरान नशे की हालत में वो छत से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस आगे की जांच कर रही है।



## गोदान एक्सप्रेस अब गोंडा तक चलेगी

**भोपाल।** रेल प्रशासन ने गोरखपुर में चल रहे अधोसंरचनात्मक कार्यों के चलते दो प्रमुख ट्रेनों की गंतव्य में अस्थायी बदलाव किया है। गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस को अब गोंडा तक और एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को आजमगढ़ तक अस्थायी रूप से विस्तारित किया है। यह बदलाव दिसंबर 2025 तक लागू रहेगा। दोनों ट्रेनें पश्चिम मध्य रेलवे क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। ट्रेन संख्या 11055 एलटीटी रोजाना सुबह 10.55 बजे रवाना होकर अगले दिन रात 11 बजे गोंडा पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 11056 अब गोंडा से भोर 03.10 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 3.30 बजे एलटीटी पहुंचेगी। यह बदलाव 7 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगा। वहीं ट्रेन संख्या 20103 एलटीटी से सुबह 5.23 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 3.15 बजे आजमगढ़ पहुंचेगी।

## हॉस्टल में रह रही छात्रा को परिचित ने कार से अगवा कर की अश्लील छेड़छाड़

भोपाल

गोविंदपुरा इलाके में स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा का उसके पूर्व परिचित युवक ने घुमाने के बहाने कार से अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपी उसे शहर में यहां-वहां घुमाता रहा और उसके साथ अश्लील हरकतें की थी। घटना के बाद आरोपी ने उसे शिकायत न करने की धमकी देकर छोड़ दिया था। घटना पिछले साल नवंबर माह की है। बाद में छात्रा पुलिस के पास पहुंची जहां पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 19 वर्षीय युवती ने लिखित शिकायत करते हुए



बताया की वो मूलतः जिला रायसेन की रहने वाली है और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही है। इन दिनों थाना इलाके के एक गर्ल्स हॉस्टल में रह रही है। इससे पूर्व वह कोटा राजस्थान में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए गई थी। जहां पर उसकी दोस्ती तनिष्क जैन नाम के युवक से हुई थी। जल्द ही दोनों में खासी जान-पहचान हो गई। लेकिन बाद में युवक की कुछ आपत्तिजनक हरकतों के कारण छात्रा ने उससे दूरी बना ली थी। इसके बाद आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा था।

### चेतक ब्रिज के पास मिलने के लिये बुलाया

आरोप है की बीती 3 सितंबर 2024 को आरोपी तनिष्क जैन भोपाल आया और उसे बहाने से चेतक ब्रिज के पास मिलने के लिये बुलाया। जब छात्रा वहां पहुंची तब आरोपी ने जबरदस्ती उसे गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। युवती ने उसका जमकर विरोध किया तब आरोपी तनिष्क ने अपनी गाड़ी से लोहे की रॉड निकालकर उसे डराया।

## आज देशव्यापी हड़ताल में शामिल होगा कर्मचारी मंच

**भोपाल।** भारत के श्रमिक संगठनों एवं कर्मचारी संघों के आवाहन पर 9 जुलाई को की जा रही देशव्यापी हड़ताल का मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच समर्थन करेगा तथा कर्मचारी मंच के समस्त सदस्य देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे। यह निर्णय कर्मचारी मंच की राज्य स्तरीय समिति के सदस्यों ने प्रस्ताव पारित करके लिया है।

## भागवत कथा सुनने गई महिला के गले से सोने की चैन उड़ाई

भोपाल

मिसरोद थाना इलाके में स्थित एक मैरिज गार्डन में आयोजित भागवत कथा में अज्ञात आरोपी ने एक महिला के गले से सोने की चेन पार कर दी। इधर, कोहेफिजा थाना इलाके में ऑटो में सवार महिला के गले से सोने की चेन चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात के खिलाफ चोरी का दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक अशोका गार्डन निवासी संगीता पाराशर पति युधीश पाराशर (58) गृहणी हैं। बीते दिन वह नर्मदापुरम रोड पर स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में चल रही भागवत कथा सुनने आई थी। वहां आरती के दौरान भीड़भाड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने उनके उनके गले से 50 हजार रूपए कीमत की सोने की चेन चुरा ली। काफी देर बाद बाद उन्हें चेन चोरी होने का पता चला। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंच कर शिकायत की थी। पुलिस मैरिज गार्डन में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। वहीं कोहेफिजा पुलिस ने बताया कि नरसिंहगढ़ निवासी सावित्रा विश्वकर्मा पति मांगीलाल (50) गृहणी हैं। वह निजी काम के चलते भोपाल आई थी। बीते दिन वापस अपने घर लौट रही थी। शाम करीब साढ़े पांच बजे वह नादरा बस स्टेण्ड से हलालपुरा बस स्टेण्ड आने के लिए एक आटो में सवार हुई। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात आरोपी ने उनके गले से सोने की चेन चुरा ली। घटना का पता चलने पर महिला ने पुलिस में शिकायत की थी।

**खास** — स्वच्छता सर्वेक्षण - 2025 के लेकर सीईओ ने की समीक्षा बैठक

## गांवों के स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धितों को दिए निर्देश

भोपाल

आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण ग्रामीण-2025 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल इला तिवारी ने मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में ए.डी.ई.ओ.पी.सीओ. एवं ब्लॉक समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण - 2025 के अंतर्गत निर्धारित बिन्दुओं के तहत गांवों में दृश्य स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ सिटीजन फीडबैक, दीवार लेखन के माध्यम से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन एवं कचरा गाड़ी का निरन्तर संचालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इस सम्बन्ध में समस्त ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. को उनके क्लस्टर की पंचायतों में मैदानी स्तर पर उपस्थित रहते हुए निगरानी किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। सर्वेक्षण अंतर्गत गांवो में सामुदायिक शौचालय की



क्रियाशीलता, सेग्रीग्रेशन शेड का संचालन, शासकीय संस्थाओं में शौचालय की क्रियाशीलता के साथ-साथ नाडेप की साफ- सफाई, सोक पिट, लीच पिट एवं नालो एवं सिल्ट चैम्बरों की साफ-सफाई के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाना है। जिला एवं जनपद स्तर के अमले को इस सम्बन्ध में आवश्यक रूप से निरन्तर मॉनीटरिंग किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।बैठक में कार्यपालन यंत्री जीतेन्द्र अहिरवार, जनपद पंचायत फंदा सीईओ शिवानी मिश्रा, बैरसिया सीईओ देवेश सराठे सहित समस्त ए.डी.ई.ओ., पी.सी.ओ. एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।

### ई-केवायसी कार्य को 10 दिन में पूर्ण करने के निर्देश

स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत ई–केवायसी कार्य की भी समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में सीईओ तिवारी ने जिन पंचायतों में ई–केवायसी के प्रकरण अधिक लंबित है, उन्हें 10 दिवस में प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। 10 दिवस में कार्य पूर्ण नही करने वाले ए.डी.ई.ओ./पी.सी.ओ. के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

# विधायक ने स्कूल चले हम अभियान अतर्गत छात्रो को वितरण के लिए तैयार की जा रही सायकलो का किया अवलोकन

## विधायक ने बच्चो से चर्चा कर ली पठन पाठन की जानकारी

फतवा /सिंगरौली

विधान सभा के विधायक राम निवास शाह ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कचनी में पहुचकर स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्रो को वितरित की जाने वाली सायकलो का अवलोकन कर उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि समय पर सायकल तैयार कर छात्रो को वितरित कराये ताकि छात्र बिना किसी असुविधा के समय पर विद्यालय पहुचकर अपनी पढ़ाई कर सके।



तत्पश्चात विधायक श्री शाह ने कचनी में ही स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होने विद्यायल में अध्ययनरत बच्चों से उनकी शिक्षा, विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं और पढ़ाई के माहौल के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान, विधायक ने विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक से भी बातचीत की और उन्हें बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और कुछ कमियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा, विधायक ने बच्चों से उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा. उन्होंने बच्चों से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। विधायक ने विद्यालय की बाउन्ड्रीवाल बनाने के लिए राशि उपलंब्ध कराने की पहल करने को कहा। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह सहित संबंधित अधिकारी , विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।



सीधी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सम्मिलित होकर जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता तथा जनहित से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उपरोक्त अवसर पर धौहनी विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम जी, सिहावल विधायक श्री विश्वामित्र पाठक जी, कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी, जिला जनपद पंचायत श्री धर्मेंद्र सिंह परिहार, सहित प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसडीएम मण्डला ने किया बाढ़ प्रभावित ग्रामों में आश्रय स्थलों का निरीक्षण

अनवर खान /मंडला

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर जिले में सभी राजस्व अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया है। इसी क्रम में एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम ने मण्डला जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़देवरा एवं औघटखपरी में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लोगों से मुलाकात की। बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों पर रखा गया है। एसडीएम ने राहत शिविरों पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बाढ़ का पानी कम होने तक लोगों से सुरक्षित स्थानों पर ही रहने की समझाइश दी। इस अवसर पर एसडीओ श्री आदित्य पाण्डे, हल्का पटवारी, संबंधित पंचायत के सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कोटवार उपस्थित रहे



# सावन माह में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु मंडला पुलिस द्वारा एडवाइजरी




मंडला

सावन माह के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ यात्रा के अंतर्गत पैदल यात्रा करते हुए जिले के राजमार्गों एवं प्रमुख मार्गों से गुजरते हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन में मंडला पुलिस द्वारा वाहन चालको हेतु एडवाजरी जारी कर जिलेभर में विशेष जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों कोतवाली मंडला, नैनपुर, बम्हनी, घुघरी, मवई, मोतीनाला, बीजाडांडी, टिकरिया, निवास, यातायात थाना, मोहगांव, बिछिया तथा चौकी अंजनिया सहित अन्य पुलिस इकाइयों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में बैनर एवं पोस्टर लगाकर वाहन चालकों से अपील की जा रही है कि वे सावधानीपूर्वक एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाएं तथा पैदल चल रहे कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। बैनर एवं पोस्टर मुख्यतः थाना क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, पेट्रोल पंपों, चौराहों, ढाबों एवं अन्य जनसंचारी स्थलों पर लगाए गए हैं, ताकि अधिकतम लोगों तक सुरक्षा संदेश पहुंचाया जा सके।

# मण्डला पुलिस ने मनाया 'हरियाली महोत्सव' जिले के समस्त थानों, चौकियों एवं पुलिस कार्यालयों में वृक्षारोपण

## हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं- मण्डला पुलिस

अनवर खान /मंडला

पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य पुलिस महानिदेशक म.प्र. के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय, भोपाल के द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में दिनांक 01 जुलाई से 07 जुलाई 2025 तक ÷हरियाली महोत्सव÷ मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जिला मण्डला में के समस्त थाना, चौकी एवं पुलिस कार्यालयों में हरियाली महोत्सव का आयोजन कर विभिन्न स्थानों पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पुलिस लाइन मंडला में आज दोपहर 12 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी सहित अन्य अधिकारी एवं जवानों ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए पौधे लगाए। इस अवसर पर उन्होंने आम, नीम, आंवला, करंज जैसे फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया।










### वृक्षों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है–

ये न केवल हमें ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि वर्षा, तापमान नियंत्रण और जैव विविधता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस अधीक्षक मण्डला ने जिलेवासियों से अपील की कि–÷हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण भी करें। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि हम केवल उत्सव तक सीमित न रहें, बल्कि पूरे वर्षभर विशेष अवसरों पर भी वृक्षारोपण कर हरियाली को जीवन का हिस्सा बनाएँ।÷ साथ ही थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु आमजन, जनप्रतिनिधियों एवं स्कूलों के साथ समन्वय बनाकर जनजागरूकता अभियान चलाकर प्रकृति के संरक्षण के संबंध में बतायें ताकि इस आयोजन को सामुदायिक आंदोलन का स्वरूप दिया जा सके।

मंडला जिले में पुलिस थानों और अन्य परिसरों में लगभग 1500 पौधे लगाए जा रहे हैं, इस महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण है और अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाना है।

# जगतगुरु डॉ वेदांती के नगर आगमन पर भव्य स्वागत की बनी रूपरेखा, मानस भवन में होगा नागरिक अभिनंदन

गंज बासौदा

नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय और आश्रम के संस्थापक डॉ रामकमलाचार्य वेदांती जी के महाकुंभ में जगतगुरु की उपाधि मिलने के उपरांत 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। उनकी भव्य अगवानी के लिए सामाजिक संगठन, प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों की एक बैठक मंगलवार को दादजी प्लाजा में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि 12 जुलाई शनिवार को जगतगुरु डॉ वेदांती जी की नगर गंज बासौदा में प्रातः 06 बजे कामायनी एक्सप्रेस पर बासौदा रेल्वे स्टेशन पर अगवानी करने के पश्चात एक भव्य शोभा यात्रा, वाहनों की रैली के रूप में निकाली जाएगी। शोभायात्रा के पश्चात के मानस भवन में क्षेत्रवासियों एवं धार्मिक श्रद्धालुओं, विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक संगठनों की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। ज्ञात हो कि हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश भर के धर्माचार्यों, संतों और शंकराचार्यों ने अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक और नगर के संत डॉ राम कमलदास वेदांती जी को देश विदेश में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अद्वितीय योगदान के लिए जगतगुरु की उपाधि से विभूषित किया गया है। जगदुरु की उपाधि मिलने के बाद डॉ वेदांती जी का 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। जगदुरु के रूप में उनकी भव्य अगवानी के लिए मंगलवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने कहा की हमारे लिए यह सौभाग्य है कि नगर के संत को जगतगुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ वेदांती जी के अभिनंदन समारोह को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

**थाना करनवास पुलिस की बडी कार्यवाही, लूट एवं ब्यावरा में हुई चोरी का किया पर्दाफाश**

# 10 लुटेरों को गिरफ्तार कर लूट व चोरी का माल किया बरामद

राजगढ़

जिले में लूट, डकैती, नकबजनी व चोरियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिला राजगढ़ पुलिस कप्तान अमित तोलानी एवं अति. पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के निर्देशन में व एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करनवास उनि. रमेश जाट के नेतृत्व में थाना करनवास पुलिस द्वारा करनवास शराब ठेका पर हुई लूट एवं ब्यावरा में हुई चोरी का खुलासा कर 10 लुटेरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट व चोरी का माल बरामद किया है। विदित हो कि दिनांक 16-17 मार्च 2025 की दरमियानी रात को करनवास शराब ठेके पर कुछ अज्ञात लुटेरों द्वारा दुकान में घुसकर 30 पेटी अंग्रेजी व देशी शराब सहित 25,000 रुपये नगदी की लूट कर सेल्समेन को जान से मारने की नियत से चाकू मारकर हत्या का प्रयास किया। मामले में विवेचना के दौरान तत्काल एक टीम का गठन किया गया। दौराने विवेचना ज्ञात हुआ कि ब्यावरा के शिवधाम कालोनी से कुछ अज्ञात चोरों द्वारा एक तूफान गाडी की चोरी की गई है, सूचना पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए ब्यावरा क्षेत्र में सीसीटीव्ही चैक करने पर पाया कि उसी तूफान गाडी से ही करनवास शराब ठेका पर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। करनवास ठेका के सेल्समेन फरियादी बलवीर सिंह चौकसे की रिपोर्ट पर थाना करनवास में अपराध क्रं. 27/25 धारा 109, 309(6), 331(4), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा तकनीकी एवं मुखबिर सूचना तंत्र के आधार पर अज्ञात लुटेरों की



पुलिस टीम ने ब्यावरा, भोपाल इन्दौर, झालावाड, गुना, उज्जैन, धार, शाजापुर, शुजालपुर में घूम-फिरकर लगभग 4000 किमी. की दूरी तय कर 200 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे सर्च कर आरोपियों को किया चिन्हित

तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा आसपास के जिलों भोपाल, झालावाड, गुना, शाजापुर, इन्दौर, धार, उज्जैन में दबिश दी गई व करीबन 200 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गये। वहीं दिनांक 21.04.2025 को आरोपी सचिन सौंधिया के विरुद्ध तकनीकी साक्ष्यों प्राप्त हुए जिसके आधार पर संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई आरोपी द्वारा लूट के मशरूका वीवो कम्पनी के मोबाईल का उपयोग करना पाया गया, आरोपी सचिन सौंधिया द्वारा पूछताछ के दौरान अपने साथियों के साथ मिलकर ब्यावरा की शिवधाम कालोनी से तूफान गाड़ी को चोरी कर करनवास शराब ठेका पर लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर साथी आरोपी गोलू झांझर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जिसने बताया कि घटना में शामिल उसके अन्य साथी मनोज यादव, करण उर्फ कान्हा, अवधेश यादव एवं गोपाल दांगी द्वारा दिनांक 22.03.2025 को सारंगपुर में लूट की घटना की थी, वर्तमान में वह जेल में बंद हैं। लूट के अन्य आरोपीगणों के बारे में जेल से जानकारी प्राप्त कर उक्त आरोपीगण की फार्मल गिरफ्तारी कर पूछताछ की गई जिन्होंने बताया कि आरोपी छोटू उर्फ छोटिया पिता विक्रम राजपूत एवं देवा उर्फ देवेन्द्र भांमर निवासी पीथमपुर धार के भी लूट में शामिल थे। पुलिस द्वारा सतत प्रयास कर आरोपी छोटू उर्फ छोटिया पिता विक्रम राजपूत को गिरफ्तार किया जिसने पूछताछ पर बताया कि उसने लूटी गई शराब को ब्यावरा के पवन जाटव एवं पुरुषोत्तम जाटव को सस्ते दामों पर बेच दिया है। आरोपी के बताये अनुसार आरोपी पवन जाटव एवं पुरुषोत्तम जाटव को गिरफ्तार किया गया जिन्होंने बताया कि हमने लूट की शराब को सस्ते दामों पर खरीदकर तरुण की इनोवा गाडी से घर में स्टोरेज किया बाद में उक्त शराब को अपने दोस्त आकाश उर्फ रितिक परमार निवासी शुजालपुर को बेचना बताया। पुलिस द्वारा संदेही आकाश परमार निवासी शुजालपुर को अभिरक्षा में लिया है जिससे पूछताछ की जा रही है। प्रकरण में अन्य दो आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

आरोपीगण के कब्जे से लूट का माल एवं घटना में प्रयुक्त वाहनों को निम्नानुसार जब्त किया गया है - 1. आरोपी पवन पिता नंदकिशोर जाटव उम्र 20 साल निवासी भागीरथ कालोनी ब्यावरा के कब्जे से - लूट की शराब को बेचकर आये 20,000 रुपये नगदी, एक स्कॉर्पियो वाहन क्रं. MP04ZU~214 कीमती 20 लाख रुपये एवं एक अपाची मोटर साईकिल कीमती 01 लाख रुपये 2. आरोपी तरुण पिता बाबूलाल जाटव उम्र 24 साल निवासी मंण्डी गेट के सामने ब्यावरा के कब्जे से- एक इनोवा क्रिस्टा वाहन क्रं. MP04KF4231 कीमती 20 लाख रुपये 3. आरोपी पुरुषोत्तम पिता जगदीश जाटव उम्र 21 साल निवासी भागीरथ कालोनी ब्यावरा के कब्जे से - नगदी 10,000 रुपये, एक रॉयल इनफील्ड बुलट गाडी बिना नम्बर की कीमती 02 लाख रुपये 4. आरोपी मनोज पिता हरिनारायण यादव निवास खुजनेर के कब्जे से - एक तूफान गाड़ी कीमती 10 लाख रुपये 5. छोटू पिता विक्रम सिंह राजपूत उम्र 23 साल निवासी चीराखान पीथमपुर (इन्दौर) के कब्जे से - नगदी 20,000 रुपये उपरोक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी करनवास उनि. रमेश जाट, तत्कालीन सायबर सेल प्रभारी उनि. जितेन्द्र अजनारे, तत्कालीन थाना प्रभारी देहात ब्यावरा उनि. गोविन्द मीणा, वर्तमान सायबर सेल प्रभारी उनि. विवेक शर्मा, प्रआर. 625 राजेन्द्र मीना, म.प्रआर. 386 माया निगम।

# वीर सपूत सोलंकी को राज्य मंत्री टेटवाल ने दी श्रद्धांजलि

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई

सारंगपुर

समीप ग्राम बालोडी के सैनिक दीप सिंह सोलंकी जो राष्ट्र सेवा में कार्यरत थे अचानक उनकी अंतिम बिदाई की खबर से परिवार एवं गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक छा गया। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर गांव बालोडी पहुंचा इसके पूर्व नगर में उनकी अंतिम शौर्य यात्रा निकाली गई। जगह जगह राष्ट्रीय तिरंगे के सम्मान के साथ उनके पार्थवी देह पर पुष्प वर्षा की गई। अंत में गांव के मुक्ति धाम पर सैन्य सम्मान के साथ अमर सैनिक दीप सिंह सोलंकी का अंतिम संस्कार सेना के नियमानुसार किया है। इस दौरान सैन्य अधिकारी जवान सहित एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, सीईओ हेमेंद्र गोविल टी आई आकांक्षा हाड़ा, तहसीलदार आकाश शर्मा आदि ने नम आंखों से अंतिम बिदाई दी। इसके पूर्व राज्य मंत्री डॉ.गौतम टेटवाल ने सैनिक द्वारा राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान के लिए किए गए कार्य का स्मरण करते हुए कहा कि उनका बलिदान हमेशा याद रहेगा हर भारतीय के हृदय में चिरंजीव और आने वाली पीढ़ियों को निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा देता रहेगा, मंत्री द्वारा वीर सैनिक की अंतिम विदाई पर कंधा देकर परिवार की दृढ़ता एवं धैर्य की सराहना करते हुए उन्हें स्वतंत्वना दी तथा वीर सैनिक को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, जन अभियान परिषद के बद्रीलाल बामनिया, सुशील व्यास, रघुराज सिंह सोलंकी, राधेश्याम मेवाड़ा, हिम्मत सिंह जामलिया सहित हजारों की संख्या में आम जन मौजूद थे।




# सुरक्षा दरकिनार, कैमरे हावीः सतपुड़ा डैम बना रील संस्कृति का नया शिकार, सुरक्षा अधिकारी भूले अपनी ड्यूटी

## जब रक्षक ही बने उल्लंघनकर्ता,अधिकारियों के परिजनों ने बनाई वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल–संवेदनशील क्षेत्र की सुरक्षा पर उठे सवाल

बैतूल

जहां जलाशयों की दीवारें ऊर्जा का संकल्प साधती हैं, वहीं सतपुड़ा डैम की गंभीरता अब रील और वायरल संस्कृति की भेंट चढ़ती प्रतीत हो रही है। मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के इस अति-संवेदनशील क्षेत्र को आजकल कैमरों के फ्लैश और सोशल मीडिया की क्लिकों ने अपने घेरे में ले लिया है। कभी सुरक्षा की चौकसी से घिरा यह डैम, अब रील बनाने के फैशन का केंद्र बन चुका है। हालिया मामला और भी चिंताजनक है, जब स्वयं सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सुरक्षा अधिकारी तथा सिविल विभाग के एक अधिकारी की फैमिली डैम के प्रतिबंधित क्षेत्र में जाकर बाकायदा वीडियो शूट करती नजर आई। इतना ही नहीं, इस वीडियो को स्वयं सुरक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किया गया। यह न केवल नियमों की अवहेलना है, बल्कि उस विश्वास का भी हनन है जो इस तंत्र की सुरक्षा के प्रति जनमानस रखता है।




### सवाल यह उठता है

जब आम नागरिक को डैम की ओर जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है, तो क्या इस नियम से अधिकारी और उनके परिजन ऊपर हैं? और यदि सुरक्षा विभाग के अधिकारी ही उदाहरण बनकर नियमों को तोड़ने लगें, तो फिर सुरक्षा का आश्वासन किससे लिया जाए? गौरतलब है कि बैतूल जिला भारत-पाक युद्ध से ही सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता रहा है। बावजूद इसके, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह के सुरक्षा विभाग की उदासीनता चिंताजनक है। आम लोगों को डैम के आसपास वीडियो बनाने से रोकना तो दूर, यहां अधिकारीगण ही अपने परिवार संग नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सवाल अब यह नहीं है कि रील कितनी सुंदर बनी, बल्कि यह है कि सुरक्षा कितनी कमजोर हुई। सतपुड़ा डैम की सुरक्षा नीतियां क्या अब केवल कागज़ों में रह गई हैं? यह समय है चेतने का– संवेदनशीलता के क्षेत्र में संवेदनशीलता को फिर से परिभाषित करने का।

### इनका कहना है

सतपुड़ा डैम एक अति-संवेदनशील क्षेत्र है। यहां किसी भी व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करना गंभीर सुरक्षा उल्लंघन की श्रेणी में आता है। मैं इस विषय में संबंधित सुरक्षा अधिकारी शरद राघव से चर्चा कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करूंगा।

**हितेश परमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी, मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी (हेडक्वार्टर जबलपुर)**

# कभी नहीं सोचा था कि मैं भी इंडस्ट्री का हिस्सा बनूंगी: जरीन खान

मुंबई।

हाल ही में एक वीडियो शेयर कर बालीवुड एक्ट्रेस जरीन खान ने पुरानी यादें ताजा की है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में उनके साथ कटरीना कैफ नजर आ रही हैं और यह उस दौरान का है जब जरीन एक्ट्रेस भी नहीं बनी थीं और यह साल 2008 में आई फिल्म रेस के प्रीमियर के दौरान का है। जरीन ने इस वीडियो को शेयर कर उसे फैन गर्ल मोमेंट बताया है। वीडियो में आपको दिखेगा कि कटरीना ने पिंक कलर की लाड़ी पहनी है और वह खड़ी होती हैं तभी जरीन वहां एक्साइटेड होकर आती हैं और उनसे ऑटोग्राफ मांगती हैं। कटरीना उन्हें फिर ऑटोग्राफ देती हैं। वीडियो शेयर कर जरीन ने लिखा, ओह माय गॉड...यह वीडियो मेरे सामने आया और यह याद आज भी इतनी फ्रेश है। मुझे आज भी यह मोमेंट अच्छे से याद है। यह रेस फिल्म के प्रीमियर के दौरान का है। थैंक्स मेरे दोस्तों को जिन्होंने मुझे पास दिए थे। उस वक्त मेरी आंखें खुली की खुली रह गई थीं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भी इस फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनूंगी। लेकिन देखो मैं कितनी खुश दिख रही हूं वीडियो में, टोटल फैन गर्ल मोमेंट था। बता दें कि जरीन का कई बार कटरीना से कम्पैरिजन किया जाता है। इस कम्पैरिजन पर जरीन ने कहा था, जब मैं इंडस्ट्री में आई तो मैं बिल्कुल एक ऐसे बच्चे की तरह थी जैसे खो गई है क्योंकि मैं फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं थी। मुझे खुशी होती थी कम्पैरिजन से क्योंकि मैं भी उनकी फैन थी।



## एक्टर्स को बताने की जरूरत नहीं कि कैसे एक्ट करें: बोमन ईरानी

बालीवुड एक्टर से डायरेक्टर बने बोमन ईरानी ने कहा कि आजकल एक्टर्स डायरेक्टर बन रहे हैं इससे एक दिक्कत है। बोमन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर एक एक्टर को ऐसा लगता है कि वह एक्टर-डायरेक्टर हैं और वह एक्टर डायरेक्टर बन जाते हैं तो मुझे लगता है यह दिक्कत है। एक्टर्स को बताने की कोई जरूरत नहीं है कैसे एक्ट करें। बोमन ने आगे कहा, एक एक्टर ड्रामा समझता है तो एक्टर से जो डायरेक्टर बनता है उसे बार-बार एक्टर को नहीं बताना है कि कैसे एक्टिंग करें। उसे बस उन्हें कुछ पॉइंट्स समझाने होते हैं बस। एक्टर्स अपना काम करना जानते हैं और हमें उन्हें उनका काम करने देना चाहिए। बोमन का यह भी कहना है कि कभी-कभी डायरेक्टर्स को भी अपनी एक्टिंग स्किल्स फ्लॉन्ट करना पसंद होता है।

# बॉर्डर 2 की शूटिंग में व्यस्त है वरुण धवन

मुंबई।

बालीवुड अभिनेता वरुण धवन आजकल अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभिनेता वरुण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग के दौरान की तस्वीरें शेयर कीं। इनमें किसी भी एक्टर का चेहरा नहीं दिख रहा है, लेकिन एक तस्वीर में सुनील शेट्टी के बेटे और एक्टर आहान शेट्टी नजर आ रहे हैं। वह आर्मी वर्दी में हैं और उनका हाथ मिट्टी से सना हुआ दिख रहा है। दूसरी तस्वीर भी इसी तरह की है, जिसमें वर्दी और हाथ मिट्टी में लथपथ हैं। वरुण ने तस्वीरों पर बस छोटा सा कैप्शन लिखा 'बॉर्डर 2'। यह पोस्ट ऐसे समय आया है जब फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने अभिनेता दिलजीत दोसांझ पर लगा अस्थायी बैन सीमित रूप से हटा लिया है। दरअसल, फिल्म 'सरदार जी 3' में पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर के साथ काम करने को लेकर विवाद के बाद दिलजीत पर भारत में फिल्मों में काम करने पर रोक लगा दी गई थी। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के अध्यक्ष बी.एन. तिवारी के मुताबिक, 'बॉर्डर 2' के निर्माता भूषण कुमार ने फेडरेशन से अपील की थी कि दिलजीत को इस फिल्म की शूटिंग की अनुमति दी जाए। इस अपील के बाद उनके बैन को सिर्फ इस प्रोजेक्ट के लिए अस्थायी रूप से हटा लिया गया है। बाकी फिल्मों के लिए उन पर रोक बनी हुई है। 'बॉर्डर 2' 1997 में आई जेपी दत्ता की ब्लॉकबस्टर 'बॉर्डर' का सीक्वल है।

# मोबाइल प्लान होंगे महंगे, मीडियम और प्रीमियम यूजर्स होंगे प्रभावित



नई दिल्ली ■ एजेंसी

मोबाइल यूजर्स के लिए साल के अंत तक टैरिफ का झटका आ सकता है। टेलीकॉम कंपनियां कॉल और डेटा प्लान में 10-12 फीसदी तक की बढ़ोतरी करने की तैयारी में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से मीडियम और हाई-वैल्यू ग्राहकों पर केंद्रित होगी, जबकि लो-वैल्यू यूजर्स पहले ही कीमतों की मार झेल चुके हैं। मई 2025 में देश में 74 लाख नए एक्टिव यूजर्स जुड़े, जो पिछले 29 महीनों में सबसे बड़ी मासिक वृद्धि है। यह लगातार पांचवां महीना है जब यूजर बेस में इज़ाफा हुआ है। इससे कंपनियों को टैरिफ बढ़ाने का आत्मविश्वास मिला है। जुलाई 2024 में कंपनियों ने बेस प्लान में 11 से 23 फीसदी तक की बढ़ोतरी की थी, जिसके चलते 2.1 करोड़ यूजर्स ने सेवाएं छोड़ दी थीं। हालांकि, अब एक बार फिर यूजर ग्रोथ तेज हो गई हैं, जिससे कंपनियां दोबारा कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही हैं। रिलायंस जियो ने मई में सबसे ज्यादा 55 लाख नए एक्टिव यूजर्स जोड़े और उसका बाजार शेयर 53 फीसदी तक पहुंच गया। वहीं एयरटेल ने 13 लाख नए यूजर्स जोड़कर 36 फीसदी हिस्सा हासिल किया। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि कंपनियां केवल प्लान की कीमत नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि डेटा लिमिट घटाकर अप्रत्यक्ष रूप से भी टैरिफ महंगे कर सकती हैं। इससे यूजर्स को अतिरिक्त डेटा पैक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# शंख एयर उत्तर प्रदेश, लखनऊ से छह गंतव्यों के लिए उड़ान सेवा शुरू करेगी

## अन्य स्थानों में क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने पर कर रही है विचार

मुंबई ■ एजेंसी

उत्तर प्रदेश की नई विमानन कंपनी शंख एयर ने राज्य की राजधानी लखनऊ से छह प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने की योजना बनाई है। कंपनी की यह पहल क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने और स्थानीय विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की जा रही है। शंख एयर फिलहाल नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ान संचालन की मंजूरी का इंतजार कर रही है। शंख एयर शुरुआत में लखनऊ से वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, चित्रकूट, इंदौर और देहरादून के लिए हवाई सेवाएं संचालित करेगी। कंपनी ने अपनी उड़ानों के लिए 'नैरो-बॉडी' एयरबस A320 विमानों को पट्टे पर लेने का निर्णय लिया है, जो टर्बोप्रॉप विमानों की तुलना में अधिक कुशल और आरामदायक माने जाते हैं। यह कदम क्षेत्रीय विमानन क्षेत्र में एक नई दिशा का संकेत देता है, जहां बड़े विमानों के जरिए बेहतर सेवा देने की कोशिश की जा रही है। शंख एयर के चेयरमैन ने हाल ही में नई दिल्ली में केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू से मुलाकात कर कंपनी की योजनाओं और सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि शंख एयर ने डीजीसीए से उड़ान अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है और मंजूरी मिलने के बाद सेवा शुरू करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि कंपनी नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम कर रही है ताकि उसकी विस्तार योजनाएं राष्ट्रीय विमानन लक्ष्यों के अनुरूप हों।



# ऐप्पल की नई आईफोन 17 सीरीज जल्द होगी लॉन्च

नई दिल्ली ■ एजेंसी

ऐप्पल अपनी नई आईफोन 17 सीरीज को सितंबर में लॉन्च कर सकता है। कंपनी चार मॉडल पेश करेगी- आईफोन 17, आईफोन 17 प्रो, आईफोन 17 प्रो मैक्स और एक बिल्कुल नया आईफोन 17 स्लीम। सभी मॉडल आईओएस 26 पर चलेंगे, जिसमें नया लिक्विड ग्लास इंटरफेस और कई अनोखे फीचर्स शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईफोन 17 प्रो और 17 प्रो मैक्स में लेटेस्ट ए19 प्रो चिपसेट होगा, जिसे टीएसएमसी की थर्ड जनरेशन 3एनएम टेक्नोलॉजी पर तैयार किया गया है। इससे बेहतर परफॉर्मेंस और बैटरी एफिशियंसी की उम्मीद है। डिज़ाइन में भी बड़े बदलाव की चर्चा है। आईफोन 17 प्रो के रियर पैनल पर एप्पल लोगो की जगह थोड़ी नीचे शिफ्ट की जा सकती है, जिससे मेगसेफ मैग्नेट के लेआउट में बदलाव होगा। इस मॉडल में एल्यूमीनियम फ्रेम हो सकता है, जो आईफोन 15 और 16 प्रो के टाइटेनियम फ्रेम से अलग होगा। कैमरा बंप भी बड़ा और रेक्टेंगुलर आकार का होने की संभावना है, हालांकि लेंस का ट्रायंगल लेआउट बरकरार रह सकता है। आईफोन 17 प्रो एक नए स्काई ब्लू रंग में भी आ सकता है। आईफोन 17 प्रो मॉडल्स में 12जीबी रैम मिलने की अफवाह है, जो मौजूदा 8जीबी से ज्यादा है और इससे मल्टीटास्किंग और एआई फीचर्स के इस्तेमाल में मदद मिलेगी। साथ ही, एप्पल अपने खुद के वाय-फाय 7 चिप पर भी काम कर रहा है, जो इन नए आईफोन मॉडल्स में ब्रॉडकॉम चिप्स की जगह ले सकता है। कैमरा सिस्टम में भी अहम अपग्रेड की चर्चा है। फ्रंट कैमरा 12एमपी से बढ़कर 24एमपी का हो सकता है। वहीं, रियर में टेलीफोटो लेंस 12एमपी से 48एमपी तक अपग्रेड होने की उम्मीद है। 8के वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट और डुअल वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे फीचर्स भी जोड़े जा सकते हैं।



# सोभा की पहली तिमाही में बिक्री बुकिंग बढ़कर 2079 करोड़ रही

बेंगलुरु ■ एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनी सोभा ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,078.8 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग दर्ज की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1,873.7 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल की थी। सोभा लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून अवधि में उसने 14.44 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा जबकि पिछले साल उसने 11.75 लाख वर्ग फुट क्षेत्र की बिक्री की थी। अप्रैल-जून तिमाही में 10.7 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र पूरा किया और विभिन्न परियोजनाओं में 594 मकानों को ग्राहकों को सौंपा। देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक सोभा ने अपनी स्थापना के बाद से करीब 14.5 करोड़ वर्ग फुट का निर्माण किया है। कंपनी की उपस्थिति 13 शहरों में है।

# अदाणी ने 4,000 करोड़ में खरीदी दिवालिया बिजली कंपनी, अब क्षमता बढ़कर हुई 18,150 एमडब्ल्यू

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अदाणी पावर लिमिटेड ने विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण 4,000 करोड़ रुपए में किया गया है। वीआईपीएल लि 2गुणित 300 मेगावॉट की कोयला आधारित थर्मल पावर प्रोजेक्ट है जो बुटीबोरी, नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित है। वीआईपीएल दिवालिया प्रक्रिया के तहत थी, जिसे इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत चलाया जा रहा था। अदाणी पावर की समाधान योजना को मुंबई एनसीएलटी ने 18 जून 2025 को मंजूरी दी थी। इसके बाद, यह योजना 7 जुलाई 2025 को लागू कर दी गई। इस अधिग्रहण के साथ अदाणी पावर की कुल उत्पादन क्षमता अब 18,150 मेगावॉट हो गई है। कंपनी अब बेस लोड पावर की क्षमता को बढ़ाने के लिए कई और प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। इनमें 6 अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट्स (1,600 एमडब्ल्यू प्रत्येक) शामिल हैं जो मध्य प्रदेश (सिंगरौली-महान), छत्तीसगढ़ (रायपुर, रायगढ़, कोरबा), राजस्थान (कवाई) और उत्तर प्रदेश (मिर्जापुर) में बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, 1,320 मेगावॉट की एक और अधिग्रहित परियोजना कोरबा में भी फिर से शुरू की जा रही है। इन सभी योजनाओं के साथ कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2030 तक कुल 30,670 मेगावॉट की क्षमता हासिल कर ले।




# धोनी के कैप्टन कूल ट्रेडमार्क की राह में आई बाधा, एक लॉ फर्म ने आपत्ति जतायी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के ÷कैप्टन कूल÷ उपनाम को ट्रेडमार्क करने के प्रयास को झटका लगा है। धोनी के इस कदम का एक कानूनी फर्म ने विरोध किया है। इस लॉ फर्म के अनुसार ये उपनाम अन्य खिलाड़ियों के लिए भी उपयोग होता रहा है इसलिए इसे धोनी अपना ट्रेडमार्क नहीं बना सकते हैं।

धोनी ने ट्रेडमार्क के लिए आवेदन जून 2023 में दायर किया था। इसे जून 2025 में ट्रेडमार्क रजिस्ट्री के कोलकाता कार्यालय द्वारा ÷स्वीकार और विज्ञापित÷ किया गया था। फिर यह 16 जून, 2025 को ट्रेडमार्क जर्नल में प्रकाशित किया गया था। वहीं नियमों के अनुसार अगर किसी को भी इसका विरोध करना होता है तो वह 120 दिन के अंदर ऐसा कर सकता है। इसी दौरान लॉ फर्म ने इसपर आपत्ति जता दी हैं जिससे धोनी के लिए यह उपनाम हासिल करना कठिन होगा। फर्म ने अपने तर्क में कहा है कि धोनी के पास इस ट्रेडमार्क को स्थापित करने के लिए कोई व्यावसायिक दस्तावेज नहीं है । ऐस में उनके लिए कैप्टन कूल÷ शब्द का ट्रेडमार्क लेना एक्ट 1999 के मानक के अनुरुप नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल लोकप्रियता से किसी को उपनाम नहीं मिल जाता। इसके लिए ठोस मान्यता भी चाहिए होती है। अभी तक ये तय नहीं हो पाया है कि यह किसके पक्ष में जाएगा। गौरतब है कि धोनी को उनके दबाव के बीच भी शांत रहने के लिए कैप्टन कूल के नाम से जाना जाता है। धोनी ने अपनी कप्तान में विश्वकप सहित सभी आईसीसी खिताब टीम इंडिया को जिताये हैं।




# भारतीय टीम सेना देशों में सबसे अधिक मैच जीतने वाली टीम बनी



मुम्बई ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में जीत के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। इसी के साथ ही भारतीय टीम एजबेस्टन में में जीत दर्ज करने वाली पहली एशियाई टीम बनी है। ये पहली बार है जब किसी एशियाई टीम ने इस मैदान पर जीत हासिल की और 1000 से ज्यादा रन बनाए है। इसके अलावा भी कई रिकॉर्ड भारतीय टीम ने बनाये हैं। इसी के साथ ही भारतीय टीम ने पाकिस्तान को भी पीछे छोड़ दिया है और वह सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाली टीम बन गयी है। बर्मिंघम में इससे पहले भारतीय टीम ने कभी भी कोई टेस्ट मैच नहीं जीता था। भारतीय टीम अब एशिया की पहली ऐसी टीम है, जिसने सेना देशों सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीते हैं। भारतीय टीम ने इन चार देशों में कुल 30वां मैच जीता है। वहीं, पाकिस्तान ने सेना देशों में कुल 29 मुकाबले जीते थे। भारत ने 178 टेस्ट मैचों में 30 मुकाबले जबकि पाकिस्तान ने 148 मैचों में 29 मुकाबले दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में जीते हैं।

इस सूची में तीसरा नाम श्रीलंका का है पर श्रीलंका ने केवल 9 ही मुकाबले अब तक सेना देशों में जीते हैं। श्रीलंका की टीम ने 76 मुकाबले अब तक इन चार देशों में खेले हैं। वहीं बांग्लादेश की टीम अभी तक केवल एक ही मैच जीत पाई है। बांग्लादेश ने सेना देशों में में कुल 25 मुकाबले खेले हैं और इनमें से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज की है। जनवरी 2022 में बांग्लादेश की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच जीता था, जबकि अन्य तीन देशों में अभी तक बांग्लादेश नहीं जीती है।

# न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए घोषित की टीम

ऑकलैंड ■ एजेंसी

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ इसी माह जुलाई से 11 अगस्त तक खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट मैचों की सीरीज के अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इसमें मैट फिशर को पहली बार शामिल किया गया है जबकि पूर्व कप्तान केन विलियमसन समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं। जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड की ये टेस्ट सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा नहीं है। यही कारण है कि अधिकरत सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। वहीं कई निजी कारणों से बाहर हैं। फिशर को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। वहीं विलियमसन, काइल जैमीसन और माइकल ब्रेसवेल के साथ-साथ बेन सियर्स को शामिल नहीं किया गया है। एजाज पटेल पिछले साल नवंबर में मुंबई में भारत के खिलाफ ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत में शामिल थे। उन्हें पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। वहीं हेनरी निकोल्स को दो साल बाद टीम में जगह मिली हैटीम इस प्रकार है- टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट फिशर, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, विल ओराउरके, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिचेल सैंटनर, नाथन स्मिथ और विल यंग।

# मुंबई की जगह अब महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से खेलेंगे पृथ्वी

मुम्बई ■ एजेंसी

बल्लेबाज पृथ्वी शॉ अब मुम्बई की जगह पर अब महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलेंगे। पृथ्वी ने हाल ही में मुम्बई को छोड़ दिया था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने भी कहा है कि पृथ्वी अब नये सत्र में उसकी ओर से खेलेंगे। महाराष्ट्र क्रिकेट के अध्यक्ष रोहित पवार ने कहा कि इस क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल अनुभव टीम के लिए फायदेमंद रहेगा। साथ ही कहा कि टीम भविष्य में पृथ्वी का साथ देती रहेगी। वहीं खराब फार्म से जूझ रहे पृथ्वी ने कहा, अपने करियर के इस पड़ाव पर महाराष्ट्र टीम से जुड़ना मेरे क्रिकेट करियर के विकास में सहायता करेगा। मैं मुंबई क्रिकेट संघ का वर्षों से मिले अवसरों और समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। पिछले रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ टीम को सात में से केवल दो जीत मिली थी और वे अपने ग्रुप से क्वॉलीफाई नहीं कर सके। सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के ग्रुप चरण में भी उसका 3-3 के जीत-हार का रिकॉर्ड रहा।

# यूरिक एसिड बढ़ने पर शरीर के इस अंग में बढ़ जाती है बहुत ज़्यादा दिक्कत, ऐसे करें पहचान

जब आप ज़रूरत से ज़्यादा प्रोटीन लेते हैं, तो शरीर में यूरिक एसिड बनने लगता है, जो एक वेस्ट प्रोडक्ट है। यह यूरिक एसिड शरीर में जमा होता रहता है और जब इसकी मात्रा एक खास स्तर से ऊपर बढ़ जाती है, तो यह पथरी के रूप में दिखने लगता है। यह हड्डियों के बीच छोटे-छोटे क्रिस्टल्स की तरह चिपक जाता है और जोड़ों में गैप बना देता है। हालांकि इसका असर शरीर के कई हिस्सों पर पड़ सकता है, लेकिन कुछ खास अंग ऐसे हैं जहां दर्द और सूजन सबसे पहले और ज़्यादा नज़र आते हैं। आइए जानते हैं कि यूरिक एसिड का दर्द सबसे ज़्यादा कहां महसूस होता है।

## बढ़ा हुआ यूरिक एसिड सबसे पहले पैरों को करता है प्रभावित:

जब यूरिक एसिड का स्तर बहुत ज़्यादा हो जाता है और यह जोड़ों के बीच पथरी के रूप में आ जाता है, तो यह जोड़ों के बीच एक गैप बनाता है। यह गैप समय के साथ बढ़ता जाता है और साफ दिखने लगता है। इसे आप सबसे पहले पैरों के अंगूठे में देख सकते हैं। आपको नज़र आएगा कि अंगूठे के जोड़ों के बीच एक गैप है जो लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा, आप इसे टखनों और पैरों की दूसरी उंगलियों में भी देख सकते हैं। यह समस्या लंबे समय तक बनी रह सकती है और काफी परेशान करने वाली हो सकती है।




## यूरिक एसिड बढ़ने पर उंगलियों में होती हैं ये शुरुआती दिक्कतें:

यूरिक एसिड बढ़ने पर उंगलियों में सबसे ज़्यादा दिक्कतें महसूस हो सकती हैं। इनमें सूजन के साथ दर्द भी शामिल है। यह दर्द इतना बढ़ सकता है कि गंभीर रूप ले ले और समय के साथ और फैल जाए। इसके अलावा, उंगलियों के जोड़ लाल दिख सकते हैं और उनमें लगातार तेज़ दर्द बना रह सकता है। इससे चलने-फिरने में भी काफी परेशानी हो सकती है।

यूरिक एसिड की समस्या को समय रहते पहचानना और इसे नज़रअंदाज़ न करना बहुत ज़रूरी है। तुरंत डॉक्टर से सलाह लें और उन चीज़ों से बचें जिनसे यूरिक एसिड बढ़ सकता है। इसलिए, प्यूरिन से भरपूर चीज़ों का सेवन कम करें, नियमित रूप से एक्सरसाइज़ करें और एक हेल्दी डाइट अपनाएं।

# टॉयलेट में क्यों फ्लश करें एक्सपायर्ड दवाएं? CDSCO ने जारी की 17 खतरनाक दवाओं की लिस्ट, वजह जानकर चौंक

अक्सर हम इमरजेंसी के लिए दवाएं खरीद तो लेते हैं, लेकिन उनका इस्तेमाल नहीं हो पाता और वे सालों तक घर में पड़ी रहती हैं। आमतौर पर ऐसी दवाओं को कूड़ेदान में फेंक दिया जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि कुछ दवाएं कूड़े में फेंकना बेहद खतरनाक हो सकता है। भारत की शीर्ष दवा नियामक संस्था, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (CDSCO) ने हाल ही में 17 ऐसी दवाओं की सूची जारी की है, जिन्हें अगर आप इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं या वे एक्सपायर हो चुकी हैं, तो उन्हें तुरंत टॉयलेट में फ्लश कर देना चाहिए। इन दवाओं का गलत तरीके से निपटान करना साबित हो सकता है।

## कुछ दवाओं को टॉयलेट में फ्लश करना क्यों सुरक्षित है?



CDSCO ने 17 ऐसी दवाओं की सूची जारी की है, जिन्हें घर में पड़े रहने या गलत तरीके से फेंकने के बजाय टॉयलेट में फ्लश करना सुरक्षित माना गया है। इनका उपयोग गंभीर दर्द, चिंता और अन्य स्थितियों के इलाज के लिए किया जाता है, लेकिन अगर ये बच्चों या पालतू जानवरों के हाथ लग जाएं तो ये बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं। इसलिए ये खतरनाक दवाएं अनजाने में किसी गलत व्यक्ति तक न पहुँचें या पर्यावरण में इस तरह से न मिलें कि वे किसी को नुकसान पहुंचाएं। ऐसे में एहतियात बरतना बेहद ज़रूरी होता है।

## टॉयलेट में फ्लश की जाने वाली 17 दवाओं की सूची:

फेंटेनल
फेंटेनल साइट्रेट
डायजेपाम
ब्यूप्रेनॉर्फिन
ब्यूप्रेनॉर्फिन हाइड्रोक्लोराइड
मॉर्फिन सल्फेट
मेथाडोन हाइड्रोक्लोराइड
हाइड्रोमोर्फोन हाइड्रोक्लोराइड
हाइड्रोकोडोन बिटार्टेट
टेपेंटाडोल
ऑक्सीकोडोन हाइड्रोक्लोराइड
ऑक्सीकोडोन
ऑक्सीमोर्फोन हाइड्रोक्लोराइड
सोडियम ऑक्सीबेट
ट्रामाडोल
मिथाइलफेनिडेट
मेपरिडीन हाइड्रोक्लोराइड

## एक्सपायर्ड दवाओं को फेंकने से पहले जान लें ये जरूरी बातें:

कुछ दवाएं तो सीधे फ्लश करने के लिए बताई गई हैं, लेकिन बाकी बची हुई दवाओं का क्या करें? CDSCO (सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन) कहता है कि ऐसी दवाओं के लिए ड्रग टेक बैक÷ कार्यक्रम सबसे अच्छा तरीका है। इन कार्यक्रमों में दवाओं को सही तरीके से इकट्ठा करके निपटाया जाता है, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे।

## क्यों है सही निपटान ज़रूरी?

अगर हम दवाओं को ऐसे ही कूड़े में फेंक देते हैं, तो वे पानी के स्रोतों तक पहुंच सकती हैं। जब दवाओं के अंश पानी में मिलते हैं, तो इससे दवा प्रतिरोधी बीमारियां पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। यह हमारे स्वास्थ्य के

# कोटर बस स्टैंड में स्वक्षता शौचालय मात्र दिखावा रवि प्रताप सिंह युवा समाज सेवी कोटर



**सतना।**

जिले के कोटर नगर परिषद के बस स्टैंड में महिला यात्रियों को शौचालय की अव्यवस्था का सामना करना पड़ता है। युवा समाज सेवी रवि प्रताप सिंह निवासी कोटर वार्ड नंबर 15 शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि एक तरफ़ जहां पूरे देश में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी महिलाओं की मर्यादा को लेकर कई बड़े कदम उठाया है वहीं दूसरी तरफ कोटर नगर परिषद के पदाधिकारी इस विषय को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिससे बीजेपी पार्टी की खासी किरकिरी हो रही है।

# समर्सिवल पंप के चोर कोटर पुलिस की गिरफ्त में

**सतना।**

सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोरइया सहित अन्य गांवों में विगत दिनों सक्रिय चोरों ने किसानों के समर्सिवल पंप और ट्रैक्टर की बैटरी चोरी की बडी घटना को अंजाम दिया था। जिसकी सूचना कोटर थाना में दर्ज कराई गई थी। मामले को गंभीरता पूर्वक लेकर जांच पड़ताल शुरू हुई। जिसमें अरुणेश सिंह पटेल उर्फ मझिल्ला पिता गोविंद नारायण सिंह, उम्र 35 वर्ष। महेश पटेल उर्फ शिकारी पिता ब्रज भूषण सिंह पटेल 42 वर्ष।पवन गौतम पिता राजीवलोचन गौतम उम्र 27 वर्ष। तीनों निवासी ग्राम खम्हरिया थाना



कोटर को गिरफ्तार कर पूंछतांछ की गई। और उपरोक्त आरोपियों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# जिले में 08 जुलाई को 1.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज जिले में अब तक दर्ज की गई 395.4 मि.मी. औसत वर्षा

**शहडोल**

अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 08 जुलाई को जिले में कुल 1.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0 मिमी., बुढ़ार में 0 मिमी., गोहपारू में 0 मि.मी., जैतपुर में 0 मिमी, चन्नौड़ी में 0 मिमी., ब्यौहारी में 12 मिमी, जयसिंहनगर में 0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।    जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 421 मिमी., बुढ़ार में 254 मिमी., गोहपारू में 455 मि.मी., जैतपुर में 524 मिमी, चन्नौड़ी में 535 मिमी., ब्यौहारी में 319 मिमी, जयसिंहनगर में 260 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 395.4 मिमी. दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 188.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

# किसानों को निर्वाध रूप से उपलब्ध कराएं उनकी आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक- कलेक्टर

**शहडोल**

-कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने खरीफ सीजन में किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश कृषि, सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।  उन्होंने जिले में रासायनिक उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त कृषकों को उनकी आवश्यकता अनुसार रासायनिक उर्वरक उपलब्ध हो सके। आपने यूरिया, डीएपी एवं एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी प्राप्त की साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उर्वरकों के वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# जिपं. सामान्य सभा की बैठक में जपं. अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ बीपीडीपी कार्ययोजना तथा जपं. जैतहरी की संशोधित कार्ययोजना अनुमोदित

## जिपं. सदस्यों ने क्षेत्रीय समस्याओं के संबंध में सदन का कराया ध्यानाकर्षण

**अनूपपुर**

जला पंचायत सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिकी राठौर, सदस्य सुश्री भारती केवट, श्रीमती किरण चौधरी, श्रीमती यशोदा कोदू सिंह, श्री नर्मदा सिंह, श्री रामजी रिन्कू मिश्रा, श्री दरोगा सिंह, श्री रंजीत सर्राटी, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.के. सोनी, परियोजना अधिकारी डॉ. उमेश द्विवेदी, ज.पं. सीईओ ममता मिश्रा सहित जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, महिला बाल विकास, खनिज, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, ऊर्जा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में 15 वें वित्त योजनांतर्गत बीपीडीपी वर्ष 2024-25, जनपद पंचायत अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ की कार्ययोजना एवं जनपद पंचायत जैतहरी की संशोधित कार्ययोजना पर चर्चा कर सदन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में जिपं. उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने अनूपपुर एसडीएम/तहसील कार्यालय के नवीन भवन को यथास्थान बनाए जाने तथा अनूपपुर में मेडिकल कॉलेज के स्थापना को लेकर चर्चा की गई। जिस पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव शामिल किया गया। बैठक में जिला पंचायत अनूपपुर अंतर्गत 5 वें वित्त की राशि की जानकारी तथा विवरण उपलब्ध कराने के संबंध में सदस्यों ने मांग की। जिस पर जिपं. सीईओ ने जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिकी राठौर ने जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगवां पूर्वी के दर्रीटोला में आवश्यक मूलभूत समस्याओं एवं ग्राम पंचायत बलबहरा से कल्याणपुर के बीच निर्माणाधीन सड़क का कार्य पूर्ण करने तथा ग्राम दर्रीटोला में नवीन प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष स्वीकृति एवं नल-जल, विद्युत,





पीएमजीएसवाई के कार्यों को सेचुरेशन मोड पर करने की मांग की। जिस पर कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जिला अंतर्गत निजी कम्पनियों द्वारा पॉवर प्लांट स्थापना तथा उससे संबंधित समस्याओं का निराकरण करने तथा सामुदायिक सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत पावर प्लांट स्थापना से प्रभावित ग्रामों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग सदस्यों द्वारा की गई। जिसके तहत सदस्यों को जानकारी से भी अवगत कराया गया।

जिला पंचायत सदस्य श्री नर्मदा सिंह ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत किरगी (राजेन्द्रग्राम) बस स्टैण्ड के पास कन्या छात्रावास से लगे क्षेत्र में शराब दुकान को हटाकर अन्यत्र स्थापित करने की मांग रखी गई। जिस पर आबकारी अधिकारी द्वारा परीक्षण कर कार्यवाही की बात कही गई। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत खाद्य वितरण केन्द्र दमेहड़ी, करपा और भेजरी में पर्याप्त खाद की उपलब्धता तथा सहज विक्रय के संबंध में रखी गई मांग पर कृषि अधिकारी ने जानकारी दी कि आगामी 2 दिवस में खाद की उपलब्धता के साथ ही खाद का सहज वितरण कराया जाएगा। बैठक में बायोस्पेयर रिजर्व फारेस्ट के अंतर्गत संचालित क्रेशर तथा वन विभाग द्वारा एनओसी के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर खनिज अधिकारी ने आवश्यक जानकारी सदन में प्रस्तुत की तथा प्रदाय अनुमति की जानकारी सदस्यों को उपलब्ध कराने की बात कही। जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत पटना, लांघाटोला से करपा, सरई, केलमनिया मार्ग एवं जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम सेंदुरी से अमगवां पहुंच मार्ग में आवागमन प्रभावित होने पर मार्ग की आवश्यक मरम्मत कराए जाने के संबंध में पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में जनपद पंचायत अनूपपुर अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनांतर्गत किसानों को प्रदाय अनुदान एवं वितरित यंत्र के संबंध में सूची उपलब्ध कराने तथा जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली सोसायटी तथा धान बीज एवं खाद वितरण के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने की मांग जिपं. सदस्य श्रीमती किरण चौधरी द्वारा की गई, जिस पर कृषि अधिकारी ने सूची उपलब्ध कराने की बात कही।  प्रधानमंत्री जन-मन योजनांतर्गत स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की गई। पीएमजीएसवाई के अधिकारी ने इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी। बैठक में शासकीय उ.मा.वि. कोठी में वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में एसएमजीसी मद, लोकल फीस मद, ड्यिूटी एवं एग्रीकल्चर मद में प्राप्त राशि एवं व्यय की जानकारी की चर्चा पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। ग्राम पंचायत खोड़री नम्बर 01 के सीतामढ़ी के पर्यटन विकास व श्री राम वनगमन मार्ग के सौन्दर्यीकरण, विकास के संबंध में अवगत कराया गया कि विकास कार्यों की प्राक्कलन, प्रतिवेदन एवं आवश्यक राशि की मांग संस्कृति विभाग से की गई है।  बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2024 से अब तक कोतमा विकासखण्ड अंतर्गत बोरवेल खनन एवं हैण्डपंप स्थापना तथा समर्सिबल पम्प के संबंध में जानकारी चाहे जाने पर कार्यपालन यंत्री ने हितग्राहीवार सूची सदन में प्रस्तुत की। बैठक में मत्स्य पालन एवं कुक्कुट पालन अंतर्गत वर्ष 2024-25 में तालाब निर्माण कार्य के संबंध में सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्री संदीप शुक्ला ने जानकारी प्रदान की। उन्होंने मत्स्य पालन की योजनाओं, हितग्राही अंशदान अनुदान आदि के संबंध में जानकारी दी तथा लपटी जलाशय, कन्टू नाला जलाशय बिजौरी, बोहिता जलाशय धरहरकला में मछली पट्टा प्रदाय हेतु प्राप्त आवेदनों का तुलनात्मक पत्रक की जानकारी से सदन को अवगत कराया। तदुपरांत बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया।  बैठक में ग्राम पंचायत दमेहड़ी में संचरा और दमेहड़ी के बीच निर्माणाधीन पुल निर्माण के संबंध में अवगत कराया गया कि पूर्व संविदाकार के द्वारा कार्य न करने पर टेन्डर निरस्तगी की कार्यवाही की गई है। जुर्माना राशि का भी प्रस्ताव बनाया जा रहा है। नवीन टेन्डर के आधार पर कार्य आगामी माह में पूर्ण कराया जाएगा।  जिपं. सदस्य श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह ने ग्राम पंचायत बोदा के बैगा बस्ती में विद्युतीकरण के कार्य तथा आवश्यक कार्यों के संबंध में जानकारी सदन के समक्ष रखी। जिस पर संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश जिपं. सीईओ ने दिए। वनाधिकार के तहत वन भूमि का पट्टा प्रदाय व्यक्तियों की सूची जिपं. सदस्यों की मांग पर सदन में प्रस्तुत की गई। बैठक में एमपी वन मित्र पोर्टल पर दावो की स्थिति आदि की जानकारी रखी गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दमेहड़ी में चिकित्सक के अनुपस्थिति के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर स्वास्थ्य अधिकारी ने सदन को अवगत कराया कि पूर्व में पदस्थ चिकित्सक का स्थानांतरण हो गया था। उनके स्थान पर एक अन्य चिकित्सक की पदस्थापना कर दी गई है। जिस पर सदन ने चिकित्सकों, सीएचओ तथा अन्य मैदानी अमले की कार्यस्थल पर उपस्थिति के लिए मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा उसी आधार पर बेहतर आहरण करने के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। जिपं. अध्यक्ष की अनुमति से बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

# बीते 24 घंटे में जिले में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर**

अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र पुष्पराजगढ़ में 5.2 तथा अमरकंटक में 4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, जैतहरी, वेंकटनगर तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

# मार्कशीट के लिए इंद्रा कॉलेज की छात्राएं हो रही परेशान





**सतना।**

सतना शहर की प्रमुख कॉलेज शासकीय इंद्रा कॉलेज स्टेशन रोड जिसमें आसपास के कई गांवों और शहर की करीब सात आठ हजार छात्राएं यहां पढ़ती है। इन छात्राओं को परेशान करने का कोई कसर यह कॉलेज प्रबंधन नहीं छोड़ रहे है। देखने सुनने में यह आ रहा है कि यहां अध्ययन कर रही छात्राओं को किसी न किसी प्रकार से परेशान किया जाता है, जब वे छात्राएं आवाज उठाती है तो उन्हें रीवा अवधेश प्रताप यूनिवर्सिटी भेज दिया जाता है, और यही हाल वहां भी इन छात्राओं के साथ होता है,, छात्राओं का कहना है कि हमारे द्वारा दिए गए एग्जाम की मार्गशीट और अन्य के लिए हमें कभी यहां कभी वहां भटकना पड़ता रहता है, इस चक्कर में हमारा साल बर्बाद हो जाता है, जिसकी जिम्मेदार कोई लेने को तैयार नहीं है, यहां की छात्राएं इस कारण काफी परेशानी झेलती देखी जा सकती है।

# पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के द्वारा जिले में जारी पति द्वारा परित्यक्त महिलाओं के हित में विशेष अभियान

पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के कुशल मार्गदर्शन में पति द्वारा परित्यक्त महिलाओं के संरक्षण एवं न्याय दिलाने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। दिनांक 09.07.25 को अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी श्री सुमित कौशिक, प्रआर 84 सनत द्विवेदी, आर अनुराग भार्गव एवं आर मदगेन्द्र पटेल की टीम द्वारा प्रकरण क्रमांक MJC 217/24 धारा 125(3) CrPC में फरार चल रहे वसूली वारंटी मधुसूदन शर्मा पिता बृजकिशोर शर्मा उम्र 35 वर्ष निवासी कालीमंदिर, राजनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य उन महिलाओं को चिन्हित कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना है, जिन्हें उनके पतियों द्वारा परित्यक्त कर दिया गया है और जो आर्थिक, सामाजिक व मानसिक रूप से पीड़ित हैं।





## अभियान के प्रमुख बिंदु-

न्यायालय में लंबित धारा 125 CrPC (भरण-पोषण) से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा, (नोटिस तामीली) न्यायालय द्वारा जारी वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान। पीड़ित महिलाओं की शिकायतों की त्वरित सुनवाई एवं विधिक सहायता उपलब्ध कराना। (domestic incident report) महिला एवं बाल विकास विभाग, विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से सहयोग। इस अभियान के अंतर्गत जनवरी माह से अब तक थाना रामनगर पुलिस द्वारा 19 वसूली वारंट  तामील कर महिलाओं को न्याय (भरण पोषण राशि/भत्ता) दिलाया गया है ।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद बिजुरी, जिला-अनूपपुर(म.प्र.)

Phone/Fax no:/07658-264242 E-mail: cmobijuri@mpurban.gov.in

क्र.540/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 13/06/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई– निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | आनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | रिर्माक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_UAD _430854_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN, FROM IMDAAD HOUSE TO BABU SONKAR HOUSE AT WARD NUMBER 12 | 13.87 लाख | 10405.00 | 2000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |
| 2 | 2025_UAD _430860_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD IN BHAGTA FROM SHAYAM KUMAR MEHRA ADVOCATE HOUSE TO GANESH SAHU AT WARD 15 | 26.50 लाख | 19877.00 | 5000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |
| 3 | 2025_UAD _430846_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD BHAGTA, ROAD FROM RAMKHELAVAN BAINA'S HOUSE TO DEVLAL KEVAT HOUSE VIA KEDAR SAHUS HOUSE WARD 15 | 17.83 लाख | 13377.00 | 2000.00 | 01-07-2025 (17:30 HRS) | 2nd CALL |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mptenders.gov.in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है ।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नही ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद बिजुरी जिला अनूपपुर (म.प्र.)**


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक डल्लू सोनी द्वारा सांई प्रिंटिस म. ने 19 जहांगीराबाद भोपाल म.प्र. मुद्रित एवं मजिस्ट्रेट बंगला वार्ड नं 09, जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश से प्रकाशित। संपादक डल्लू सोनी, समाचार चयन के लिए पीआरवी एक्ट के तहत जिम्मेदार/न्यायालनी क्षेत्र अधिकार अनूपपुर होगा। मो. 9893798715